23	मैसर्स श्री बांके बिहारी बिल्डर्स और डेवलपर्स शाखा: एआरएमबी मयूर विहार फेज–II, दिल्ली	01.12.2014 रु. 1921.82 लाख	रिहायशी एल.आई.जी. फ्लैट नं. 16ए/201, भूतल, जोकि सेक्टर – 16–ए, रिहायशी कॉलोनियर वसुंधरा गाजियाबाद, तहसील और जिला गाजियाबाद, यू.पी.–201012 में स्थित, क्षेत्रफल 316.213 वर्ग मी., यह सम्पत्ति श्रीमती अर्चना किशजी एण्ड विकास शर्मा के नाम पर है।	सांकेतिक	रु. 137.25 लाख	रु. 13.73 लाख	07-01-2020	पीएनबी, खाता नं. 4408002100515419, A/c Name: "PNB ARMB Sarfaesi Recovery Account" IFSC कोड:- PUNB0440800	06.01.2020 अपराह्न 02.30 बजे से अपराह्न 04.30 बजे	10.01.2020 पूर्वाह्न 11.30 बजे से अपराह्न 12.30 बजे	रु. 25,000/-	प्राधिकृत अधिकारी: श्री सीबानंदा भांजा, सहायक महाप्रबंधक मो. नं. 7044070801, शाखा: ए आर एम बी मयूर विहार दिल्ली, नोडल ऑफिसर: श्री आर के बंसल (मो. नं. 8289026427) उप सर्कल हेड/पीएनबी, सर्कल ऑफिस, उत्तरी दिल्ली, तृतीय तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली	ज्ञात नहीं
24	मैसर्स इस्पात एलॉयज इण्डिया (प्रा.) लिमिटेड शाखा: एआरएमबी मयूर विहार, फेज– II, दिल्ली	18.11.14; रु. 2958.18 लाख	फ्रीहोल्ड रिहायशी आईपी फ्लैट नं. बी–102, प्रथम तल, जनसत्ता अपार्टमेंट, सेक्टर–9, वसुंधरा, गाजियाबाद, यू.पी.–201012 में स्थित, क्षेत्रफल 148.64 वर्ग मी., यह सम्पत्ति श्री रामेश्वर प्रसाद गुप्ता पुत्र श्री बाबू लाल गुप्ता के नाम पर है।	सांकेतिक	रु. 72.00 लाख	रु. 7.20 लाख	07-01-2020	पीएनबी, खाता नं. 4408002100515419, A/c Name: "PNB ARMB Sarfaesi Recovery Account" IFSC कोड:- PUNB0440800	06.01.2020 अपराह्न 02.30 बजे से अपराह्न 04.30 बजे	10.01.2020 पूर्वाह्न 11.30 बजे से अपराह्न 12.30 बजे	रु. 25,000/-	प्राधिकृत अधिकारी: श्री सीबानंदा भांजा, सहायक महाप्रबंधक मो. नं. 7044070801, शाखा: ए आर एम बी मयूर विहार दिल्ली, नोडल ऑफिसर: श्री आर के बंसल (मो. नं. 8289026427) उप सर्कल हेड/पीएनबी, सर्कल ऑफिस, उत्तरी दिल्ली, तृतीय तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली	ज्ञात नहीं
25	मैसर्स इस्पात एलॉयज इण्डिया (प्रा.) लिमिटेड शाखा: एआरएमबी मयूर विहार, फेज– II, दिल्ली	18.11.14; रु. 2958.18 लाख	फ्रीहोल्ड रिहायशी फ्लैट नं. 1/1873 ए, सम्पूर्ण ऊपरी भूतल, मानसरोवर पार्क, शाहदरा, दिल्ली–110032 में स्थित, निर्मित प्लॉट नं. 29, खसरा नं. 128 मिन में से, जोकि गाँव चन्द्रावल में स्थित, क्षेत्रफल 102.84 मी., यह सम्पत्ति मैसर्स इस्पात एलॉयज इण्डिया (प्रा.) लि. के नाम पर है।	सांकेतिक	रु. 43.20 लाख	रु. 4.32 लाख	07-01-2020	पीएनबी, खाता नं. 4408002100515419, A/c Name: "PNB ARMB Sarfaesi Recovery Account" IFSC कोड:- PUNB0440800	06.01.2020 अपराह्न 02.30 बजे से अपराह्न 04.30 बजे	10.01.2020 पूर्वाह्न 11.30 बजे से अपराह्न 12.30 बजे	रु. 25,000/-	प्राधिकृत अधिकारी: श्री सीबानंदा भांजा, सहायक महाप्रबंधक मो. नं. 7044070801, शाखा: ए आर एम बी मयूर विहार दिल्ली, नोडल ऑफिसर: श्री आर के बंसल (मो. नं. 8289026427) उप सर्कल हेड/पीएनबी, सर्कल ऑफिस, उत्तरी दिल्ली, तृतीय तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली	ज्ञात नहीं
26	मैसर्स इस्पात एलॉयज इण्डिया (प्रा.) लिमिटेड शाखा: एआरएमबी मयूर विहार, फेज– II, दिल्ली	18.11.14; रु. 2958.18 लाख	फ्रीहोल्ड रिहायशी फ्लैट नं. 1/1873ए, सम्पूर्ण द्वितीय भूतल (बिना छत के अधिकार के), मानसरोवर पार्क, शाहदरा, दिल्ली–110032 में स्थित, निर्मित प्लॉट नं. 29, खसरा नं. 128 मिन में से, जोकि गाँव चन्द्रावल में स्थित, क्षेत्रफल 102.84 मी., यह सम्पत्ति राजीव गुप्ता के नाम पर है।	सांकेतिक	रु. 40.50 लाख	रु. 4.05 लाख	07-01-2020	पीएनबी, खाता नं. 4408002100515419, A/c Name: "PNB ARMB Sarfaesi Recovery Account" IFSC कोड:- PUNB0440800	06.01.2020 अपराह्न 02.30 बजे से अपराह्न 04.30 बजे	10.01.2020 पूर्वाह्न 11.30 बजे से अपराह्न 12.30 बजे	रु. 25,000/-	प्राधिकृत अधिकारी: श्री सीबानंदा भांजा, सहायक महाप्रबंधक मो. नं. 7044070801, शाखा: ए आर एम बी मयूर विहार दिल्ली, नोडल ऑफिसर: श्री आर के बंसल (मो. नं. 8289026427) उप सर्कल हेड/पीएनबी, सर्कल ऑफिस, उत्तरी दिल्ली, तृतीय तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली	ज्ञात नहीं
27	मैसर्स सुधीर एग्रो ऑयल्स प्रा. लि. शाखा वजीर पुर, अशोक विहार, नई दिल्ली – 110052	30.08.2019 रु. 3378.47 लाख	प्लॉट नं. 174, ब्लॉक ई, क्षेत्रफल 418.05 वर्ग मी., स्थायी लेन के ले–आउट प्लान के अंतर्गत, औद्योगिक क्षेत्र (भागापुरी औद्योगिक क्षेत्र) फेज I जोकि गाँव बसई दारापुर के रेवेन्यू ईस्टेट में, नई दिल्ली में स्थित (perpetual lease dated 10.09.97 registered on 12.09.97) यह सम्पत्ति श्रीमती कमला खुराना के नाम पर है। और कन्वेयंस डीड दिनांकित 09.03.17 रजी नं. 3165, बुक नं. 1, वॉल्यूम नं. 6260 पेज 77 से 80, दिनांकित 16.03.2017, सब रजिस्ट्रार–VII दिल्ली में पंजीकृत	सांकेतिक	रु. 580.00 लाख	रु. 58.00 लाख	22.01.2020	पीएनबी, खाता नं. 0637003171160, A/c Name: "PNB WAZIR PUR" IFSC कोड:- PUNB0063700	21.01.2020 अपराह्न 02.30 बजे से अपराह्न 04.30 बजे	24.01.2020 पूर्वाह्न 11.30 बजे से अपराह्न 12.30 बजे	रु. 25,000/-	प्राधिकृत अधिकारी: श्री राजेश कुमार, मो. नं. 8451880664, शाखा: वजीरपुर अशोक विहार दिल्ली, नोडल ऑफिसर: श्री आर के बंसल (मो. नं. 8289026427) उप सर्कल हेड/पीएनबी, सर्कल ऑफिस, उत्तरी दिल्ली, तृतीय तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली	ज्ञात नहीं
28	मैसर्स सुधीर एग्रो ऑयल्स प्रा. लि. शाखा वजीर पुर, अशोक विहार, नई दिल्ली – 110052	30.08.2019 रु. 3378.47 लाख	सम्पत्ति नं. 7/19, रूप नगर, दिल्ली में स्थित, (relinquishment डीड हेतु ¼ हिस्सा पंजीकृत डीड दस्तावेज 8518 बुक नं. I, वाल्यूम 1693 पेज 88 से 92 और relinquishment डीड पंजीकृत डीड दस्तावेज नं. 8519 बुक नं. I, वाल्यूम 1693, पेज 93 से 96 दिनांकित 05.12.2005, सब रजिस्ट्रार– I दिल्ली में पंजीकृत और relinquishment डीड पंजीकृत डीड दस्तावेज नं. 8517 बुक नं. I, वाल्यूम 1693, पेज 83 से 87 दिनांकित 05.12.2005, सब रजिस्ट्रार– I दिल्ली में पंजीकृत, यह सम्पत्ति नीरू खुराना और कमला खुराना के नाम पर है।	सांकेतिक	रु. 1300.00 लाख	रु. 130.00 लाख	22.01.2020	पीएनबी, खाता नं. 0637003171160, A/c Name: "PNB WAZIR PUR" IFSC कोड:- PUNB0063700	21.01.2020 अपराह्न 02.30 बजे से अपराह्न 04.30 बजे	24.01.2020 पूर्वाह्न 11.30 बजे से अपराह्न 12.30 बजे	रु. 25,000/-	प्राधिकृत अधिकारी: श्री राजेश कुमार, मो. नं. 8451880664, शाखा: वजीरपुर अशोक विहार दिल्ली, नोडल ऑफिसर: श्री आर के बंसल (मो. नं. 8289026427) उप सर्कल हेड/पीएनबी, सर्कल ऑफिस, उत्तरी दिल्ली, तृतीय तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली	ज्ञात नहीं
29	मैसर्स सुधीर एग्रो ऑयल्स प्रा. लि. शाखा वजीर पुर, अशोक विहार, नई दिल्ली – 110052	30.08.2019 रु. 3378.47 लाख	ए–91, मालवीय नगर, जयपुर राजस्थान–302017 में स्थित, लीज डीड नं. 201503015109494 दिनांकित 02.09.2015 रिकॉर्ड बुक नं. I, जिल्द नं. 914, पेज नं. 165 और अतिरिक्त बुक नं. 1, जिल्द नं. 3653, पेज नं. 1 से 13 सब रजिस्ट्रार जयपुर में पंजीकृत, यह सम्पत्ति श्रीमती कौशल्या देवी के नाम पर है।	सांकेतिक	रु. 828.00 लाख	रु. 82.80 लाख	22.01.2020	पीएनबी, खाता नं. 0637003171160, A/c Name: "PNB WAZIR PUR" IFSC कोड:- PUNB0063700	21.01.2020 अपराह्न 02.30 बजे से अपराह्न 04.30 बजे	24.01.2020 पूर्वाह्न 11.30 बजे से अपराह्न 12.30 बजे	रु. 25,000/-	प्राधिकृत अधिकारी: श्री राजेश कुमार, मो. नं. 8451880664, शाखा: वजीरपुर अशोक विहार दिल्ली, नोडल ऑफिसर: श्री आर के बंसल (मो. नं. 8289026427) उप सर्कल हेड/पीएनबी, सर्कल ऑफिस, उत्तरी दिल्ली, तृतीय तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली	ज्ञात नहीं

ई–नीलामी बिक्री के संक्षिप्त नियम एवं शर्तें : बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में वर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। (1) सम्पत्तियों की बिक्री जैसा है जहां है आधार पर की जा रही है। (2) नीलामी बिक्री "ई–नीलामी के माध्यम से ऑनलाइन" पोर्टल **https://etender.pnbnet.in** पर होगी। (3) इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त वर्णित प्रत्येक सम्पत्तियों के समक्ष अंकित नोडल अधिकारी से संपर्क करके एसएमएस/ई–मेल के माध्यम से अग्रिम तौर पर लॉग इन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो कि ई–बिडिंग के लिए अनिवार्य है। (4) अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार करने अथवा स्वीकार्य न पाए जाने की स्थिति में सभी बोलियों को निरस्त करने अथवा किसी भी समय नीलामी को स्थगित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है तथा इस सम्बंध में उनका निर्णय अंतिम होगा। (5) नीलामी के अंतिम समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाए जाने की स्थिति में अंतिम समय स्वतः ही 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा। (6) बोलीदाता को अपने पैन कार्ड तथा आवासीय पते के प्रमाण की स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करनी होंगी। ऐसे बोलीदाता भी, जोकि व्यक्ति नहीं हैं, ई–बिडिंग हेतु उपयुक्त मैनडेट अपलोड करें। (7) सफल बोलीदाता को पहले जमा कराई गई धरोहर राशि सहित बोली राशि की 25% राशि तुरंत जमा करानी होगी। (8) सफल बोलीदाता को बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर बोली राशि की शेष 75% राशि जमा करानी होगी। (9) बोली राशि की 25% राशि तुरंत तथा निर्धारित अवधि के भीतर शेष 75% राशि जमा करने में चूक की स्थिति में पहले जमा कराई गई राशि जब्त कर ली जाएगी तथा प्रतिभूत परिसम्पत्ति की पुनः बिक्री की जाएगी। (10) समस्त वैधानिक देयताएं/अटेंडेन्ट चार्जेज/अन्य देय राशि, रजिस्ट्रेशन चार्जेज, स्टाम्प ड्यूटी, कर आदि क्रेता को ही वहन करने होंगे। (11) यह प्रकाशन क्र.सं. 1 से 15 में वर्णित कर्जदारों/गारंटरों/बंधककर्ताओं के लिए 15 दिन और क्र.सं. 27 से 29 में वर्णित कर्जदारों/गारंटरों/बंधककर्ताओं के लिए 30 दिन का नोटिस भी है। और अधिक विवरण तथा सम्पूर्ण नियमों व शर्तों के लिए कृपया निम्नलिखित वेबसाइट्स देखें तथा/अथवा उपरोक्त प्रत्येक सम्पत्ति के समक्ष अंकित नोडल अधिकारी/प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें : **https://etender.pnbnet.in ; www.pnbindia.in ; www.eprocure.gov.in/epublish/app.**

दिनांक : 20.12.2019 स्थान : नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक

जनसत्ता

आशंका के सामने

हाल ही में नागरिकता संशोधन विधेयक के संसद में पारित हो जाने के बाद उठा विवाद अब जिस तरह देश भर में फैल गया लगता है, उससे साफ है कि इस मसले से निपटने में सरकार के स्तर पर शायद जल्दबाजी की गई। यों भी, आजादी के बाद से भारत जिस परंपरा का वाहक रहा है, उसमें सरकार के किसी फैसले से असहमति और उस पर होने वाले विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र की खूबसूरती रहे हैं। मगर नागरिकता संबंधी बने नए कानून को लेकर लोगों के बीच जो आशंकाएं उभरीं, उसका समाधान निकालने के बजाय उसकी अनदेखी की गई। खासतौर पर दिल्ली में जामिया मिल्लिया के विद्यार्थियों के प्रदर्शन के बाद परिसर में घुस कर पुलिस ने जैसा बर्बर रवैया अख्तियार किया था, उस पर गंभीर सवाल उठे। सही है कि उस प्रदर्शन के दौरान हिंसा करने वाले तत्त्वों से निपटना पुलिस की जिम्मेदारी थी, लेकिन विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और हॉस्टल तक में जाकर विद्यार्थियों के साथ जिस तरह मारपीट की गई, उसका औचित्य साबित करना संभव नहीं है। इसका नतीजा यह हुआ कि विवाद के जो केंद्र पहले कुछ विश्वविद्यालयों के परिसर तक सीमित थे, वे देश के बड़े हिस्से में फैल गए। हालत यह हुई कि गुरुवार को इस मुद्दे पर कई नागरिक समूहों की ओर से देश भर में व्यापक विरोध प्रदर्शन सामने आए।

असम और पूर्वोत्तर के राज्यों में इस मुद्दे पर उठा तूफान पहले ही सरकार के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है। सरकार की ओर से तमाम आश्वासनों के बावजूद वहां के लोगों का विरोध नहीं थम रहा है। बल्कि देश के दूसरे राज्यों में भी लोग सड़कों पर उतर आए। अब जब हालात गंभीर होने लगे तब गृहमंत्री ने ताजा हालात पर विचार के लिए बैठक बुलाई, लेकिन क्या यह जरूरी नहीं था कि पिछले कुछ दिनों से देश में जैसी स्थिति बन रही थी, उसके मद्देनजर समय पर कदम उठाए जाते! कायदे से यह विषय जितने महत्त्व का है, उसमें इसके व्यापक असर के मद्देनजर हर पहलू पर गौर करके इस पर आने वाली आपत्तियां और संशोधनों पर विचार किया जाना चाहिए था। इसका फायदा यह होता कि आज अलग-अलग नागरिक समूह और राजनीतिक दल धर्म आधारित नागरिकता की व्यवस्था पर जैसे सवाल उठा रहे हैं और लोगों के बीच जैसी आशंकाएं खड़ी हो गई हैं, उसे दूर करने में मदद मिलती।

विडंबना यह है कि इस पर किसी भी तरह के विरोध या सवाल को स्वीकार करना जरूरी नहीं समझा गया। बल्कि सरकार की जिद का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि न केवल संशोधनों और आशंकाओं को कोई तरजीह नहीं दिया गया, बल्कि इस बात की भी घोषणा होती रही कि नागरिता संशोधन कानून को लागू करने के लिए देश भर में राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर यानी एनआरसी की व्यवस्था लागू होगी। इस मामले में असम का उदाहरण सामने है, जहां अनिवार्य घोषित किए गए दस्तावेजों के अभाव में करीब उन्नीस लाख लोग एनआरसी से बाहर रह गए। यानी उनकी नागरिकता कठघरे में है। इसके अलावा, काम के पूरा होने की प्रक्रिया में एक लंबा वक्त और भारी राशि खर्च हुई। सवाल है कि अगर देश भर में एनआरसी की प्रक्रिया शुरू की गई तो उसका प्रारूप क्या होगा? चिंता या आशंका की मुख्य वजह यही है कि नागरिकता संशोधन कानून लागू होने के बाद अगर एनआरसी तैयार करने की प्रक्रिया शुरू होती है तो एक बड़ी जटिलता खड़ी हो सकती है। जरूरत इस बात की है कि इस मसले पर सरकार लोगों की बात सुने और उनकी आशंकाओं का निराकरण करे।

लॉटरी की दर

वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी को लागू हुए करीब ढाई साल हो गए। इस बीच कई बार व्यापारियों और उपभोक्ताओं की समस्याओं के मद्देनजर करों में बदलाव के लिए जीएसटी परिषद की बैठकें हो चुकी हैं। हर बार सर्वसम्मति से फैसले किए गए। पर यह पहली बार है, जब किसी कर के निर्धारण को लेकर परिषद के सदस्यों के बीच मतदान का सहारा लेना पड़ा। यह मौका था लॉटरी पर एक समान कर निर्धारण का। लॉटरी की बिक्री पर संबंधित राज्य में बारह प्रतिशत जीएसटी का प्रावधान था, जबकि दूसरे राज्यों में उन्हें बेचने पर जीएसटी अठाईस फीसद रखा गया था। कुछ लोगों की मांग थी कि इस पर दो तरह के कर न रखे जाएं। मगर जीएसटी परिषद के कुछ सदस्य इसके पक्ष में नहीं थे। आखिर मतविभाजन का सहारा लेना पड़ा। इसमें इक्कीस राज्यों ने लॉटरी पर जीएसटी की दर अठाईस फीसद करने के पक्ष में मतदान किया। इस तरह अब सभी जगह लॉटरी की बिक्री पर एक समान दर अठाईस फीसद कर दी गई है।

वस्तुओं पर कर का निर्धारण करते समय ध्यान रखा जाता है कि उसके उपभोक्ता किस आय वर्ग के हैं, उस वस्तु की खपत और समाज में उसकी उपादेयता कितनी है। अगर उस वस्तु से समाज के कमजोर आर्थिक तबके पर बोझ बढ़ता है, तो उसे अच्छा नहीं माना जाता। इसीलिए शुरू में जब जीएसटी दरों का निर्धारण किया गया, तो बहुत सारी वस्तुओं पर कराधान अधिक होने से आम उपभोक्ता पर आर्थिक बोझ पड़ने वाला था। उसका विरोध हुआ तो सरकार ने उनके करों में बदलाव किया। लॉटरी एक तरह का जुआ है। इससे नागरिकों के जीवन पर कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ता। बल्कि बहुत सारे लोगों में लॉटरी खेलने का नशा इस कदर हावी देखा जाता है कि वे परिवार के भरण-पोषण की परवाह किए बगैर अपनी कमाई लॉटरी पर लुटा बैठते हैं। कई लोग लॉटरी के चक्कर में भारी कर्ज में फंस जाते हैं। उन्हें सिर्फ यह उम्मीद होती है कि कभी न कभी किस्मत खुलेगी और वे भारी रकम जीत लेंगे, जिससे उनका जीवन खुशहाल हो जाएगा। यह उम्मीद जब नशे का रूप ले लेती है, तो कई लोगों के घर-परिवार भी बर्बाद करती देखी गई है। फिर लोगों में लॉटरी के नशे को देखते हुए बहुत सारे फर्जी लॉटरी बनाने वाले इस खेल में शामिल हो जाते हैं। इस तरह लॉटरी का बहुत सारा पैसा न तो लॉटरी कंपनियों को जा पाता है और न सरकार को उस पर राजस्व मिल पाता है। लॉटरी के इन्हीं दुष्प्रभावों को देखते हुए अधिकतर राज्यों में लॉटरी का कारोबार बंद कर दिया गया। मगर कुछ राज्यों में अब भी यह चलता है। वहां की लॉटरी दूसरे राज्यों में भी बेची जाती है।

जिन राज्यों में लॉटरी के कारोबार की अनुमति है, उन्हें इससे राजस्व की खासी कमाई होती है। कुछ राज्य सरकारें खुद लॉटरी चलाती हैं। सो, समझना मुश्किल नहीं कि उन्हें अंदेशा रहा होगा कि इस पर कर की दर ऊंची रखने से बहुत सारे खरीदारों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा, इसलिए स्वाभाविक ही वे इसका विरोध कर रही थीं। मगर लॉटरी न तो आवश्यक वस्तुओं की सूची में आती है और न सेवा क्षेत्र में, इसलिए इस पर बारह प्रतिशत कर की दर रखने का कोई औचित्य नहीं था। अगर कर की दर ऊंची होने से कुछ गरीब लोग इसकी लत से मुक्त हो सकें, तो अच्छा ही है।

कल्पमेधा

जो मनुष्य अपने क्रोध को झेल लेता है, वह दूसरों के क्रोध से बच सकता है और जीवन को सुखी बना सकता है।

- सुकरात

आसमान में बढ़ती ताकत

अभिषेक कुमार सिंह

भारत अपने इन निगरानी उपग्रहों के जरिए पाकिस्तान के सत्तासी फीसद क्षेत्र यानी कुल 8.8 लाख वर्ग किलोमीटर में से 7.7 लाख वर्ग किलोमीटर इलाके पर पैनी नजर रखने में सक्षम हो गया है। इससे भारत जब चाहे, पाकिस्तान के महत्त्वपूर्ण सामरिक इलाकों की गतिविधियों को देख सकता है और महत्त्वपूर्ण नक्शे और तस्वीरें हासिल कर सकता है।

आज दुनिया के तमाम देशों में जिस तरह के तनाव बढ़ रहे हैं, उनसे युद्ध की एक आशंका हमेशा बनी रहती है। ऐसे में अब कोई भी देश अपनी सुरक्षा को हल्के में नहीं ले सकता और इस काम में आसमान से निगरानी के इंतजाम किए बगैर खुद को सुरक्षित नहीं मान सकता। इस नजरिये से देखें तो हाल में श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित ताकतवर राडार इमेजिंग उपग्रह रीसैट-2बीआर-1 को भारत के लिए एक उपलब्धि कहा जाएगा। रीसैट के समान एक अन्य उपग्रह शृंखला कार्टोसैट की अंतरिक्ष में तैनाती के बल पर हमारा देश बादलों के पार से भी सरहदों पर हो रही हलचलों पर नजर रख पा रहा है और आतंकी व देश-विरोधी गतिविधियों पर निगाह रख उनसे निपटने के प्रबंध कर रहा है।

कार्टोसैट और रीसैट जैसे उपग्रहों की तैनाती की जरूरत 26 नवंबर, 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमलों के बाद ज्यादा महसूस की गई थी, ताकि दुश्मन इलाकों से होने वाली आतंकी घुसपैठ और संदिग्ध हलचलों की जानकारी हमारे सुरक्षा तंत्र को पहले से मिल सके। यही नहीं, इसके लिए शुरुआती रीसैट उपग्रह की तकनीक में बदलाव भी किया गया था। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा अंतरिक्ष में स्थापित किए जाने वाले ज्यादातर उपग्रहों की भूमिका मौसम की जानकारी देना और कृषि, जंगल और आपदा प्रबंधन विभागों को संबंधित सूचनाएं प्रदान करने तक सीमित हुआ करती थी। लेकिन मुंबई हमले और उसके बाद उरी सेक्टर और पुलवामा में हुए आतंकी हमलों के मद्देनजर घुसपैठ पर नजर रखने और आतंक विरोधी उपायों पर अमल करने के लिए इस शृंखला के उपग्रहों में सीमाओं की निगरानी के प्रबंध भी किए जाने लगे। इन उपग्रहों से सीमाओं की निगरानी इसलिए ज्यादा पुख्ता ढंग से हो पा रही है, क्योंकि माइक्रोवेव फ्रीक्वेंसी पर काम करने वाले रीसैट श्रेणी के उफग्रह रात के अंधेरे और खराब मौसम में भी काम कर सकते हैं। धरती पर कितना भी मौसम खराब हो, कितने भी बादल छाए हों, इसके कैमरे घने बादलों को चीर कर सीमाओं की साफ तस्वीरें ले सकते हैं। इस मामले में सिर्फ रीसैट ही नहीं, बल्कि कार्टोसैट शृंखला के उपग्रह भी बड़े काम के हैं। इसरो कार्टोसैट शृंखला में भी कई उपग्रह छोड़ चुका है और हाल में इस कड़ी में सबसे नया उपग्रह 27 नवंबर, 2019 को कार्टोसैट-3 उपग्रह प्रक्षेपित किया गया था, जो कार्टोसैट शृंखला का नौवा उपग्रह है। कार्टोसैट शृंखला की शुरुआत वर्ष 2005 में हो ही गई थी, लेकिन सैन्य महत्व के उपग्रहों के सिलसिले की बात करें तो इसका आरंभ मुंबई हमले से साल भर पहले 2007 में कार्टोसैट-2ए के प्रक्षेपण से हुआ था। यह दोहरे उपयोग वाला उपग्रह था जो मौसम की जानकारियां बटोरने के साथ भारत के अड़ोस-पड़ोस में मिसाइल कार्यक्रम पर नजर रख सकता था। इसके बाद जून 2012 में छोड़े गए कार्टोसैट-2सी से पड़ोसी देशों के संवेदनशील ठिकानों के वीडियो रिकॉर्ड करने और उसका विश्लेषण कर उन्हें वापस धरती पर भेजने की सुविधा देश को मिल गई। इसी शृंखला में अगला उपग्रह कार्टोसैट-2 ई था, जो जून 2017 में छोड़ा गया।

आसमान से सरहदों की निगरानी का मामला असल में इलेक्ट्रॉनिक खुफियागीरी की वह व्यवस्था बनाने का है जिसमें जमीनी हलचलों पर सुदूर अंतरिक्ष से नजर रखी जा सकती है। इस बारे में दावा किया जाता है कि जब देश रीसैट और कार्टोसैट जैसे निगरानी उपग्रहों की शृंखला अंतरिक्ष में तैनात कर देगा, तब पड़ोसी दुश्मन मुल्कों से कोई परिंदा भी नहीं आ सकेगा। छद्म युद्ध की नीति के तहत आतंक फैलाने वाले पड़ोसी मुल्कों की हरकतों पर लगाम लगाने में रीसैट और कार्टोसैट जैसे उपग्रहों की एक बड़ी भूमिका हो सकती है। तकनीकी पहलुओं को देखें, तो रीसैट और कार्टोसैट उपग्रह इलेक्ट्रॉनिक खुफिया तकनीक से युक्त होते हैं, जिससे धरती के किसी भी इलाके का इलैक्ट्रो-मैग्नेटिक स्पेक्ट्रम नापा जा सकता है। इस तकनीकी खूबी के आधार पर ये उपग्रह सैकड़ों किलोमीटर की ऊंचाई पर रहते हुए जमीन पर संचार प्रणाली, राडार और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सिग्नल पकड़ सकते हैं। इससे दुश्मन देश के राडार ढूंढ़ने में मदद मिलती है, साथ में ये उपग्रह भारत के जंगी विमानों को दुश्मन की वायु रक्षा प्रणाली की निगाह में आने से बचा सकते हैं। इन्हीं खूबियों के चलते रीसैट-2बीआर1 और कार्टोसैट-3 को भारत की आंख भी कहा जा रहा है।

सवाल है कि आसमान में तैनात ये तकनीकी आंखें हमारे देश की सुरक्षा में कैसे मददगार साबित हो रही हैं। इसकी एक मिसाल उरी हमले के प्रतिकार में सितंबर, 2016 में भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ की गई सर्जिकल स्ट्राइक में मिलती है। इस कार्रवाई में एक अहम भूमिका कार्टोसैट शृंखला के उपग्रहों ने निभाई थी। इन उपग्रहों से हैदराबाद स्थित नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर को स्टैंडर्ड और बेहद सूक्ष्म ब्योरे के साथ उपग्रहों से जमीन के लिए गए फोटो उपलब्ध कराए गए थे। इनके विश्लेषण के बाद सेना को जमीनी हालात का आकलन करने, हमले की सर्वाधिक उपयुक्त जगह और समय का चुनाव करने में मदद मिली थी। निगरानी उपग्रह कहलाने वाले इन उपग्रहों में एक विशेष किस्म का राडार लगा होता है। यह राडार असल में इजरायली सिस्टम टेकसार-1 का संशोधित और देसी विकल्प है, जिससे एक बार में धरती के पांच से दस किलोमीटर के इलाके में करीब आधे मीटर से भी कम दायरे में मौजूद दो वस्तुओं में अंतर पकड़ा जा सकता है और उनकी पहचान की जा सकती है। इतनी सूक्ष्मता से मिलने वाली जानकारी का अर्थ यह है कि दुश्मन देश की सैन्य हलचलों से लेकर आतंकियों की हर गतिविधि का समय रहते पता लग सकता है।

एक तथ्य यह है कि भारत अपने इन निगरानी उपग्रहों के जरिए पाकिस्तान के सत्तासी फीसद क्षेत्र यानी कुल 8.8 लाख वर्ग किलोमीटर में से 7.7 लाख वर्ग किलोमीटर इलाके पर पैनी नजर रखने में सक्षम हो गया है। इससे भारत जब चाहे, पाकिस्तान के महत्त्वपूर्ण सामरिक इलाकों की गतिविधियों को देख सकता है और महत्त्वपूर्ण नक्शे और तस्वीरें हासिल कर सकता है।

सिर्फ पाकिस्तान ही नहीं, बल्कि पिछले पांच-छह वर्षों में इसरो ने कई ऐसे उपग्रह अंतरिक्ष में स्थापित किए हैं, जिनकी मदद से भारत की क्षमता आस-पड़ोस के चौदह देशों के करीब साढ़े पांच करोड़ वर्ग किलोमीटर दायरे वाले भूभाग पर सूक्ष्म नजर रखने की बन चुकी है। सेना यह स्वीकार करती है कि देश की सरहदों से लेकर पड़ोसी मुल्कों की जमीन पर हो रही गतिविधियों पर करीबी नजर रखने संबंधी जरूरतों का सत्तर फीसद हिस्सा इसरो के उपग्रह पूरा कर देते हैं। इस वक्त इसरो के कम से कम दस उपग्रह ऐसे हैं जो देश की सैन्य और खुफिया जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। हाइपर स्पेक्ट्रल इमेजिंग उपग्रह यानी हाइसिस को 28 नवंबर 2018 को छोड़ा गया था और इससे रात के अंधेरे में भी तस्वीरें खींचकर जमीन के कुछ सेंटीमीटर जितने हिस्से की सूक्ष्म निगरानी की जाती है। यहां तक कि जमीन में बारूदी सुरंगों और आइईडी का भी इससे पता चल जाता है। इसी साल 23 जनवरी को प्रक्षेपित उपग्रह माइक्रोसैट-आर को इस मायने में खास कहा जा सकता है कि इसका निर्माण विशुद्ध रूप से सैन्य उद्देश्यों के लिए डीआरडीओ ने किया है।

यह सही है कि अक्सर दो देशों के बीच सैन्य संतुलन का आकलन करते समय सैनिकों की तादाद, जंगी जहाजों, विमानों, मिसाइलों और टैंकों आदि की गणना ही होती है, उनमें अंतरिक्ष में तैनात निगरानी उपग्रहों की गिनती नहीं होती। लेकिन भारत के अगल-बगल शत्रु इरादों वाले पड़ोसियों की मौजूदगी के मद्देनजर ऐसे निगरानी उपग्रहों की कीमत किसी भी सैन्य साजोसामान से ज्यादा ही ठहरेगी।

पर्यटन की सीमा

संतोष उत्सुक

दुनिया मेरे आगे

हमारे देश की आर्थिकी में पर्यटकों का अहम योगदान है। भारतीय पर्यटक धरती पर चल रही पर्यटकीय दौड़ का हिस्सा हो चुके हैं। घुमक्कड़ी, आजकल आनंद के लिए कम, देखा-देखी और दिखाने के लिए ज्यादा होने लगी है। माउंट एवरेस्ट को पर्यटक स्थल बना दिया गया है। इधर वहां मरने वालों की खबर आती रहती है, उधर पहाड़ पर चढ़ने वालों की लाइन लंबी होती रहती है। पर्यावरण प्रेम के नारों के शोर में पारिस्थितिकी संतुलन बिगड़ता जाता है। डिजिटल युग में बाजार के शातिर प्रतिनिधियों ने हाथ मिला रखे हैं, लेकिन जगहों का विज्ञापन वस्तुस्थिति से परिचित नहीं करवाता। कुछ महीने पहले प्रशासन के पंजीकरण के बिना मणिमहेश जैसी रोमांचक, लेकिन खतरनाक यात्रा पर निकले पर्यटक बर्फीले मौसम में बुरी तरह से फंस गए थे। प्रशासन के सघन प्रयासों के कारण कुछ को ही बचाया जा सका था। यह ठीक है कि प्रशासन को काफी पहले से ज्यादा चौकन्ना रहना चाहि, लेकिन पर्यटकों ने भी जिम्मेदारी नहीं समझी।

बहुत लोकप्रिय हो चुके हिमाचली स्थल चूड़धार आने वाले पर्यटकों को उनके अतिउत्साह ने परेशान कर रखा है। प्रशासन और स्थल प्रबंधन ने कब से मना किया है कि अभी चूड़धार यात्रा न करें, लेकिन नासमझ पर्यटक मानते नहीं, वहां जाते हैं और परेशान होते हैं। इस स्थल पर बहुत हिमपात होता है। पिछले दिनों बहुत मुश्किल के बावजूद मंदिर प्रबंधकों और समाज सेवियों ने परेशानी उठा कर अपनी मर्जी से वहां पहुंचे, गंभीर रूप से अस्वस्थ हो जाने के कारण उन्नीस वर्षीय पर्यटक को पीठ पर उठा कर दूसरी जगह पहुंचाया। इस युवा पर्यटक ने जानबूझ कर अपनी जान को जोखिम में डाला। इसके अलावा भी ऐसी की घटनाएं हो चुकी हैं।

कुछ महीने पहले एक नवविवाहित जोड़ा रास्ता भटका, चिप्स खाकर और पानी पीकर रात गुजारी। प्रशासन ने हेलिकॉप्टर से उन्हें ढूंढ़ा। हाल ही में दो युवा चिकित्सक इस जगह के लिए निकले। रास्ते में युवक की तबीयत खराब हुई और ढाबे में रुकना पड़ा। हैरानी की बात यह है कि साथ गई डॉक्टर युवती बीमार साथी के साथ लौटने की बजाय अकेली चूड़धार चली गई। इधर युवक की हालत ज्यादा बिगड़ गई और अंतत उसकी मृत्यु हो गई। यह पर्यटकों की घोर लापरवाही है कि बिना सोचे-समझे, अल्पज्ञान होते हुए भी चल पड़ते हैं। इन नासमझ और बेकरार पर्यटकों को रोकने का प्रयास किया जाता है, लेकिन मानते नहीं। अपनी उच्छृंखल प्रवृति के कारण अनेक पर्यटक जीवन से हाथ धो बैठते हैं।

भेड़चाल का शिकार हो रहे पर्यटकों को समझना चाहिए कि जिन पर्यटक स्थलों पर पूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई हैं, सरकारी प्रशासन या स्थानीय प्रबंधन, बर्फबारी या अन्य कारणों से मना कर रहा है तो सुरक्षा अपना कर लौटना ही बेहतर है। कुछ जगहों पर अब पर्यटकों को वाकई कम संख्या में आना चाहिए। विदेशों से सीखने की आदतें समृद्ध करनी चाहिए। पर्यटन आधारित आर्थिकी से जीवित कई छोटे देशों ने अपना प्रबंधन सुधारा है। उदाहरण के तौर पर वेनिस ने क्रूज जहाज सीमित करने शुरू किए हैं। आइसलैंड नई जगहों को बढ़ावा दे रहा है। कोपेनहेगन पर्यटकों को अलग-अलग जगह भेज रहा है। क्रोएशिया पर्यटकों की सीमा निश्चित कर रहा है।

एक घटना उल्लेखनीय है। पेरिस में एक संग्रहालय में पर्यटकों की भीड़ ज्यादा हो जाने कारण वहां के कर्मचारी बाहर निकल गए। हमारे देश में अनेक जगहों पर भीड़ बहुत परेशान होती है और करती भी है। यों भी विदेशी और स्थानीय पर्यटकों के तौर-तरीकों में गरम और ठंडे का फर्क है। हम विदेश यात्राओं के दौरान सुधरे रहते हैं, लेकिन देश में वापस आते ही पुराने बिगड़े हुए माहौल में घुस जाते हैं। हमें अतिउत्साही, अनुशासनहीन चालक, अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा से बेपरवाह मेहमानों की जरूरत नहीं होनी चाहिए। इनकी यात्रा को निरुत्साहित नहीं, स्थानीय प्रशासन द्वारा सीधे निरस्त कर देना चाहिए। किसी भी व्यक्ति, चाहे वह कितनी ही पहुंच वाला क्यों न हो, स्थानीय यात्रा, अनुशासन तोड़ने, हुड़दंग मचाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पर्यटक अगर पैरा-ग्लाइडिंग, ट्रैकिंग, जलक्रीड़ा, साहसिक खेल किसी भी गतिविधि में हिस्सा लेना चाहते हों, तो हर क्षेत्र में एक प्रवेश बिंदु होना चाहिए, जहां से प्रशासन की अनुमति के बिना कोई आगे नहीं जा सके। प्रशासन द्वारा समय रहते स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी पुख्ता इंतजाम करना भी लाजिमी है।

हादसा होने के बाद कुछ समय के लिए जागरूक रहने की आदत बदलना जरूरी है। दुर्घटना के बाद भी आखिर प्रशासन को अपने बहुमूल्य संसाधन प्रयोग करने ही पड़ते हैं। तो उनका खर्च बचाया जा सकता है। पुरातत्त्व या अन्य कोण से महत्त्वपूर्ण जगहों पर कम लोग आएं तो जगह की महत्ता कम नहीं हो जाएगी। इस संदर्भ में हम अमेरिका के लाजवाब एरिजोना से सीख सकते हैं, जहां, 'द वेव' को देखने के लिए एक दिन में सिर्फ बीस लोग लॉटरी के माध्यम से अधिकृत होते हैं। हमारी अनेक दिलकश जगहों को भी बेहतर पर्यटक चुनने का हक है।

लोकतंत्र बनाम भरोसा

'दमन और रास्ता' (संपादकीय, 17 दिसंबर) पढ़ा। पिछले दिनों पारित नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ देश भर में आंदोलन हो रहे हैं। सरकारी संपत्ति की बर्बादी हो रही है। इसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए, कम है। लेकिन इसी के साथ इस देश में कई और भी अनुत्तरित प्रश्न हैं, जैसे वर्तमान सरकार की कानों पर अहिंसक और शांतिपूर्ण आदोलनों से जूं भी नहीं रेंगती। उदाहरण के लिए पिछले दिनों रेलवे के निजीकरण करने के फैसले के विरोध में रेलवे के लाखों कर्मचारियों और आत्महत्या करते भारत के लाखों किसानों द्वारा अपनी फसलों के उचित मूल्य निर्धारण के लिए बार-बार किए गए शांतिपूर्ण और अहिंसक हड़तालों, प्रदर्शनों और आंदोलनों के बाद भी इस कथित लोकतांत्रिक सरकार के कर्णधारों को कोई फर्क नहीं पड़ा। ज्यादातर टीवी चैनल दिन-रात सत्तारूढ़ पार्टी के किए हर गलत-सही कृत्य का एकतरफा प्रचार करने के सिवा कुछ महत्त्वपूर्ण विषयों को लेकर किए गए अहिंसक प्रदर्शनों को दिखाना तक भी जरूरी नहीं समझा।

समाचार पत्रों के अनुसार इस लोकतांत्रिक शासन के कर्ताधर्ताओं द्वारा दिल्ली पुलिस के अपने प्यादों के माध्यम से दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया के गेट के सुरक्षा गार्डों को धकियाते हुए, बगैर उसके प्रॉक्टर या कुलपति की इजाजत के विश्वविद्यालय में घुसकर जो तांडव मचाया, उसे देख कर तानाशाही शासन का खौफ उभरता है। खबरों के अनुसार दिल्ली पुलिस ने विश्वविद्यालय परिसर में लाइब्रेरी में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को शौचालय तक से खींच-खींच कर उन्हें किसी संगीन अपराधी की तरह मारा-पीटा। यही नहीं, वहां के कृत्य को कवरेज करती एक महिला पत्रकार से अमर्यादित और अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया।

सवाल है कि सरकार के कर्णधारों से इस देश के आमजन का भरोसा क्यों टूट रहा है! ये इसके लिए खुद जिम्मेदार हैं। पिछले छह सालों से जनता बहुत ध्यान और सूक्ष्मता से यह आकलन कर रही है कि ये कहते कुछ और हैं और इनका एजेंडा कुछ और ही होता है। इनकी नीयत में खोट है। आखिर दिल्ली पुलिस द्वारा अमार्यादित, हिंसक व्यवहार करने का आदेश किसने दिया? इनकी बातों और इनके कामों में इतना फासला क्यों है? प्रजातंत्र में प्रजा का विश्वास खोना किसी भी शासक के लिए गंभीर संदेश है।

● *निर्मल कुमार शर्मा, गाजियाबाद*

सुरक्षा नियंत्रण व्यवस्था के नाम पर राज्य सरकारें फूली नहीं समाती है। हर साल राज्य सरकारें बजट में करोड़ों रुपए सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर आबंटित करती हैं। फिर वह पैसा जाता कहां हैं? क्या बजट में मेटल डिटेक्टर लगाने की व्यवस्था नहीं की जा सकती? हर आगंतुक की तलाशी नहीं ली जा सकती? निगरानी के लिए कैमरे नहीं लगाया जा सकता? लेकिन ऐसा होता नहीं है। शायद इसीलिए अपराधियों के हौसले बुलंद रहते हैं और भरी अदालतों में वारदात करने से भी वे झिझकते नहीं! बिजनौर की घटना से राज्य सरकारों को सबक लेना चाहिए और आईंदा इस तरह की घटना न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम भी करना चाहिए।

● *गौतम एसआर, एमसीयू, खंड्वा परिसर*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

असुरक्षित अदालतें

उत्तर प्रदेश के बिजनौर सत्र अदालत में मंगलवार को भरी अदालत में एक अभियुक्त की हत्या कर दी गई। हालांकि कोर्ट परिसर में हत्या का यह पहला मामला नहीं है। ऐसे और भी मामले सामने आते रहे हैं। इसी साल जून में आगरा के बार काउंसिल की नवनिर्वाचित अध्यक्ष को भी कोर्ट परिसर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अब सवाल यह उठता है कि जब देश की न्यायपालिकाएं ही सुरक्षित नहीं है, तो सरकारें आम आदमी को सुरक्षा का भरोसा कैसे दे सकती है? हाल में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका में यह कहते हुए अदालतों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की अपील की गई थी कि अदालतों की सुरक्षा व्यवस्था रामभरोसे है।

भेदभाव का विकास

आज देश की महिलाएं सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपेक्षा की शिकार हो रही हैं और दूसरी तरफ बलात्कार, छेड़छाड़ और घरेलू हिंसा जैसे अपराधों के ग्राफ में तेजी से वृद्धि हो रही है। इन सवालों की पुष्टि विश्व आर्थिक मंच की ताजा रिपोर्ट ने भी कर दी है। इस रिपोर्ट में भारत पिछले साल वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सूची में 108 वें स्थान पर था, लेकिन इस बार फिसल कर वह 112वें स्थान पर पहुंच गया है। इस रिपोर्ट ने देश और समाज के लिए चिंता और बढ़ा दी है। इससे साबित होता है कि महिलाओं के कल्याण के लिए सरकारी नीतियां नाकाफी हैं और नीतियों का क्रियान्वयन सही नहीं हो रहा है।

सरकारें नीतियों को बदलें और नीतियों को लागू करते समय निगरानी रखें, ताकि महिलाओं की स्थिति सुधारी जा सके। देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि जागरूकता के द्वारा महिलाओं के स्तर को सुधारने के प्रयास करें और देश में बढ़ रहे हैवानियत के तांडव की पुरजोर मुखालफत करें, ताकि महिलाओं में छिपी प्रतिभा का देश के उत्थान में योगदान सुनिश्चित किया जा सके। सवाल है कि जब तक पितृसत्तात्मक सोच के खिलाफ व्यापक सोच विकसित करने की ओर समाज नहीं बढ़ता है, तब तक पुरुष और स्त्री के बीच गहराते फासले को कैसे दूर किया जा सकेगा!

● *हरेंद्र सिंह कीलका, सरवड़ी*

नाकाम चीन

अब तक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में भारत के विरुद्ध चीन लगातार वीटो का प्रयोग कर परेशान करता रहा है। लेकिन इस बार उसने कश्मीर संबंधी एक प्रस्ताव रखा तो अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और रूस- चारों महाशक्तियों ने उसे वीटो कर दिया। नतीजतन, वह खारिज हो गया। किसी प्रश्न पर ऐसी महाशक्तियों की एकजुटता बहुत कम देखने को मिलती है। इसने चीन को अलग-थलग कर दिया। एक दौर था जब जरूरत पड़ने पर केवल रूस हमें अपने वीटो द्वारा बार-बार बचाता था। अब चार महाशक्तियां हमारा साथ दे रही हैं। जहां तक चीन का सवाल है तो चीन की असली चिंता इस समय अर्थव्यवस्था है, जो अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण दुर्गति को प्राप्त हो गई है। इसका राजनीतिक लाभ उठाया जा सकता है।

● *आस्था गर्ग, बागपत रोड, मेरठ*

नई दिल्ली

www.readwhere.com

जनसत्ता
सबरंग
20 दिसंबर, 2019 7

नई फिल्म
- दबंग 3

बॉक्स ऑफिस

फिल्म	कुल कमाई
मर्दानी 2	25.65 करोड़
जुमांजी 2	29.85 करोड़
पति पत्नी और वो	65.75 करोड़
पानीपत	28.9 करोड़

19 दिसंबर तक की कमाई



जन्मदिन

सोहेल खान	20 दिसंबर
गोविंदा	21 दिसंबर
अनिल कपूर	24 दिसंबर
नगमा	25 दिसंबर

निभा सकते हैं तो ही शादी करें : सलमान

आरती सक्सेना

दबंग खान एक बार फिर से रुपहले पर्दे पर दबंगई करने को तैयार हैं। सलमान खान की फिल्म दबंग 3 आज रिलीज हो रही है। पर्दे पर सलमान तीसरी बार चुलबुल पांडे बनकर आने वाले हैं। फिल्म में वह पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे।

सवाल : दर्शकों को आपकी फिल्म का इंतजार रहता है। दबंग 3 में दर्शक क्या नया देखेंगे और यह लोगों का कितना मनोरंजन करेगी?

● काफी कुछ नया है इस बार। सबसे पहले फिल्म की कहानी अलग है। दंबग की हमारी रज्जो अर्थात सोनाक्षी सिन्हा भी हैं, महेश मांजरेकर की बेटी सई मांजरेकर भी इस फिल्म से अपने अभिनय करिअर की शुरुआत कर रही है। यह फिल्म तमिल, तेलगु और कन्नड़ भाषा में भी बन रही है। फिल्म में एक्शन और इमोशन दोनों है, उम्मीद है दर्शकों को फिल्म पसंद आएगी।

सवाल : दंबग और दबंग 2 की कहानी काफी दमदार थी। और अब दंबग 3 की कहानी आपने खुद लिखी है और फिल्म में निर्देशन से लेकर संगीत तक में आपका योगदान रहा है। ऐसे मे दबंग 3 कितना दमखम दिखा पाएगी?

● हां फिल्म की कहानी मैंने लिखी है। मेरी एक कोशिश है। ये कोशिश कितनी कामयाब होती है ये तो वक्त ही बताएगा। बहरहाल दंबग 3 हिंदी के अलावा दूसरी भाषाओं में भी रिलीज हो रही है। अगर कहानी सबको पसंद आई तो हर जगह से तारीफ मिलेगी। और कहानी नही पंसद आई तो सब जगह से गालियां मिलेंगी।

सवाल : क्या तमिल, तेलुगू और कन्नड़ में भी आपने ही संवाद डब किए हैं ?

● मैंने कोशिश की थी, तमिल में संवाद बोलने की। लेकिन दक्षिण के लोगों को वो समझ ही नहीं आया सो हमने किसी और से डब करवाया है। काफी अच्छे से मेरी आवाज को कॉपी किया गया है।

सवाल : दंबग 3 का आइटम सांग 'मुन्ना बदनाम हुआ',

फिल्म के रिलीज से पहले ही हिट हो चुका है। यह गाना आपको कैसे सूझा?

● दरअसल हम लोग 'मुन्नी बदनाम' गाने का तोड़ ढूंढ रहे थे। तभी मेरे दिमाग में रात के डेढ़ बजे एक आइडिया आया कि क्यों न इस बार मुन्नी बदनाम की जगह मुन्ना बदनाम बनाया जाए। लिहाजा मैंने रात को डेढ़ बजे अरबाज को कॉल किया और बोला जल्दी से मेरे पास आ जाए, मुझे 'मुन्नी बदनाम' का तोड़ मिल गया है। अरबाज जब मेरे पास आया तो मैंने उसे बताया कि मुन्नी बदनाम के बजाय 'मुन्ना बदनाम' बनाते हैं। रात को डेढ़ बजे मेरे मुंह से यह आइडिया सुन कर वह गुस्से में लौट गया। बाद में मैंने उसे किसी तरह तैयार कर लिया और इस तरह 'मुन्ना बदनाम हुआ' बन गया।

सवाल : टाइगर जिंदा है में भी आप पुलिस इंस्पेक्टर बने थे और दबंग वन टू और थ्री में भी पुलिस ऑफिसर बने हैं। इनमें से किस फिल्म में आपको अभिनय करने में परेशानी हुई?

● दोनों ही फिल्मों में मेरे किरदार कठिन थे। एक्शन सीन के दौरान मुझे कितनी तकलीफ हुई है यह मैं ही जानता हूं। मेरा दर्द मेरी पसली, मेरी हड्डी और मेरे घुटने ही बता सकते हैं, जो इन फिल्मों के दौरान घायल हुए हैं।

सवाल : आप शादी को कैसे परिभाषित करेंगे। शादी कितनी जरूरी है?

● शादी जरूरी है लेकिन आज के समय में इसक महत्व कम होता जा रहा है। आज लोग शादी अपने कंफर्ट के हिसाब से करना चाहते हैं। कोई किसी के लिए त्याग नहीं करना चाहता। इसी वजह से शादी से ज्यादा तलाक हो रहे हैं। आज लोगों को शादी का बंधन बोझ लगता है। सो मेरा मानना है कि अगर आप सही ढंग से इस रिश्ते को निभा सकते हैं तो ही शादी करें। वरना मत करें।

सवाल : दंबग 3 के साथ ही आपने राधे फिल्म की भी घोषणा कर दी है। क्या यह फिल्म वांटेड की सीक्वेल है?

● तेरे नाम और वांटेड में मेरा नाम राधे जरूर था, लेकिन मेरी आने वाली फिल्म राधे का इन दोनों ही फिल्मों से कोई लेना-देना नहीं है। इस फिल्म की कहानी काफी अलग है। और इसपर अभी काम चल रहा है।

सवाल : आजकल फिल्मों में इंटीमेट सीन की भरमार है लेकिन आप इन सब के सख्त खिलाफ हैं फिर भी आपकी फिल्में सफल होती है। इसकी क्या वजह है?

● सबसे बड़ी वजह यही है कि मेरी फिल्में ऐसी होती है जो पूरे परिवार के साथ बैठकर देखी जा सके। हमारा खुद का परिवार इतना बड़ा है कि मुझे यह बिल्कुल अच्छा नहीं लगता कि मेरे माता-पिता मुझे इंटीमेट सीन करते देखें। इसी तरह जब और लोग अपने परिवार के साथ फिल्म देखने जाते हैं तो उन्हे खास तौर पर मेरी फिल्मों को लेकर ये तनाव नहीं होता है कि क्या मेरी फिल्म परिवार के साथ देखने लायक होगी या नहीं। मेरी फिल्म को सभी देख सकते हैं। मेरी पूरी कोशिश होती है कि मेरी फिल्में मनोरंजन से भरपूर और साफ-सुथरी हो जिसे हर पीढ़ी के लोग देख सकें।

जानी मानी अभिनेत्री गीता सिद्धार्थ का जाना

जयनारायण प्रसाद

एक सामान्य सी अभिनेत्री कैसे एक फिल्म को अमर कर देती हैं, अभिनेत्री गीता सिद्धार्थ इसका उदाहरण हैं। हाल में गीता सिद्धार्थ ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। 'गर्म हवा' 1973 में बनीं और कानूनी पचड़ों को झेलते हुए 1974 में रिलीज हुईं। गीता ने इस फिल्म में अभिनय किया था। फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था। उन्होंने फिल्म में सलीम (बलराज साहनी) की पुत्री अमीना का किरदार निभाया था। गीता सिद्धार्थ ने गुलजार की फिल्म 'परिचय' में भी अभिनय किया था जिसमें जितेंद्र, जया भादुरी, प्राण और संजीव कुमार भी थे।

गीता सिद्धार्थ ने फिल्मों में बहुत ज्यादा काम तो नहीं किया, लेकिन 'गर्म हवा' में उनका होना यह दर्शाता है कि वे कितनी ऊंचे कद की अभिनेत्री थीं। परिचय, गमन, शोले, मंडी, एक चादर मैली, दूसरा आदमी, नूरी, अलग-अलग और राम तेरी गंगा मैली उनकी चंद फिल्में हैं। पर, ये फिल्में 'गर्म हवा' के आसपास भी नहीं हैं। हर कोण और हर दृष्टि से इस फिल्म को देखना अपने दौर के इतिहास को देखने जैसा है।

'गर्म हवा' दरअसल, भारत-पाकिस्तान विभाजन की फिल्म नहीं है, बल्कि विभाजन के केंद्र में सदियों से बसे एक मुसलिम परिवार पर क्या कुछ बीतता है, उसे दर्शाया गया है। फिल्म में सभी किरदारों ने दमदार अभिनय किया है। विदेशों में इस फिल्म को एक क्लासिक फिल्म और फिल्म के निर्देशक एमएस सथ्यू को एक बेहतरीन निर्देशक के तौर पर देखा जाता है। इस फिल्म की कहानी इस्मत चुगताई की है, इसकी कहानी बहुत छोटी थी, जिसे कैफी आजमी और शमा जैदी ने अपनी लेखनी से विस्तार दिया था। इस फिल्म में उस्ताद बहादुर खां का संगीत इतना चाक्षुष और कर्णप्रिय है कि इस फिल्म को कई बार देखने का दिल करता है।

बहरहाल, गीता सिद्धार्थ का जाना एक अभिनेत्री का जाना भर नहीं हैं। वह जहां भी जातीं 'गर्म हवा' उनके साथ-साथ और आसपास ही रहतीं, किसी हमसाए की तरह। एमएस सथ्यू के निर्देशन वाली इस एतिहासिक फिल्म को बलराज साहनी, फारुख शेख और गीता सिद्धार्थ के बगैर जानना अधूरापन होगा। आज के संदर्भ में यह फिल्म और भी ज्यादा प्रासंगिक है।

'गर्म हवा' को उस दौर में कुछ सिरफिरों ने गलत बताया था। लेकिन सत्यजित राय, मृणाल सेन, श्याम बेनेगल, तपन सिन्हा जैसे फिल्मकारों ने 'गर्म हवा' के निर्देशक एमएस सथ्यू का साथ दिया था। इसलिए, 'गर्म हवा' को देखना एक लाजवाब फिल्म को देखना भर नहीं है, हिंदुस्तान के अतीत और 1947 के भारत विभाजन को भी देखना है! आज के समय से इस फिल्म को मिला कर देखा जा सकता है। यह उर्दू फिल्म आपको 1947 के हिंदुस्तान से रूबरू कराएगी।

पंडित बिरजू महाराज की नृत्य प्रस्तुति

शशिप्रभा तिवारी

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कलाकेंद्र का प्रांगण दीक्षा समारोह में जीवंत हो गया। केंद्र की ओर से गुरु शिष्य परंपरा का विशेष आयोजन दीक्षा समारोह में पेश किया जाता है। कुछ महीने से इस समारोह में संगीत के कार्यक्रम पेश होते रहे हैं। पर इस बार पहली बार शास्त्रीय नृत्य कथक को इस बार शामिल किया गया। इस समारोह में पंडित बिरजू महाराज और उनके शिष्य-शिष्याओं ने कथक नृत्य पेश किया। इस तीन दिवसीय समारोह की पहली संध्या में परिवार परंपरा की झलक दिखी, जिसमें पंडित दीपक महाराज की पुत्रियां रागिनी महाराज व यशस्विनी महाराज ने कथक नृत्य पेश किया।

पंडित बिरजू महराज की शिष्या जयश्री महाराज ने भी नृत्य पेश किया। महाराज जी की नृत्य रचनाएं नाद गुंजन और दरबारी भी पेश की गई। नृत्य रचना दरबारी को पंडित कृष्ण मोहन महाराज के शिष्य-शिष्याओं ने पेश किया। इस नृत्य रचना को साठ के दशक में पंडित बिरजू महाराज ने परिकल्पित किया था। इसमें कथक नृत्य की तकनीकी पक्ष को प्रमुखता से पेश किया गया। नृत्य रचना नाद गुंजन का नेतृत्व राघव शाह ने किया। इसमें डफ, नाल, नगाड़ा, तबला, पखावज व मंजीरे के ताल ध्वनि को हस्तकों और पद संचालन के जरिए कलाकारों ने पेश किया। समारोह की अगली शाम में दीपक महाराज, रानी खानम, नीलिमा अजीम, रेणू शर्मा, विजयश्री चैधरी, पूर्णिमा खड़गा, नवीना जफा और वास्वती मिश्र ने कथक नृत्य पेश किया। जबकि, समारोह की अंतिम संध्या में पंडित बिरजू महाराज की नृत्य रचना घुंघरू संगीत और विरासत पेश की गई। नृत्य रचना विरासत का निर्देशन पंडित जय किशन महाराज ने किया था। समारोह की मुख्य आकर्षण पंडित बिरजू महाराज का गायन और भाव अभिनय था। उन्होंने रचना 'राधेरानी कृष्ण रूप धरि' और 'धाए गहो-धाए गहो श्याम' को सुर में गाया। रचना 'राधेरानी कृष्ण' पर उनकी वरिष्ठ शिष्या शाश्वती सेन ने भाव-अभिनय पेश किया।

कथक नृत्यांगना मालती श्याम ने ख्वाजा गुलाम फरीद की रचना को मोहक अंदाज में पेश किया। उन्होंने सूफी रचना 'ए हुस्न ए हकीकी नूर' में भक्ति श्रृंगार के साथ संचारी भाव को रूपायित किया। उनकी शिष्याओं यामिका महेश, आंचल और गौरी ने नृत्य पेश किया। पंडित बिरजू महाराज की ठुमरी-'आज मोरी कलाई मुरक गई' पर उन्होंने नृत्य किया। कथक नृत्यांगना ममता महाराज ने महाराज की परिवार की प्रतिनिधि कलाकार हैं। उन्होंने परंपरागत कथक नृत्य को चैदह मात्रा की धमार ताल में पिरोया।

खबर कोना

दूसरे की ईमानदारी का ठेका नहीं ले सकते : करीना

करीना कपूर खान का कहना है कि फिल्म उद्योग में किसी के लिए दूसरे की ईमानदारी का ठेका लेना असंभव है क्योंकि लोग आलोचना का स्वागत नहीं करते। क्या फिल्म उद्योग में किसी के काम के बारे में कोई कुछ कह सकता है, इस सवाल के जवाब में करीना ने कहा, 'मैं ऐसा नहीं सोचती। यदि आप सच कहना चाहते हैं तो लोग उसका स्वागत नहीं करते। मैं चाहती हूं कि यदि लोगों को मेरी कोई फिल्म पसंद नहीं है तो मुझे बताएं। मैं कम से कम अपने करीबी लोगों से ईमानदारी से सच सुनने की अपेक्षा रखती हूं।' करीना ने कहा कि वे इतने साल तक प्रासंगिक इसलिए रहीं क्योंकि उन्होंने अपने आसपास 'हां में हां मिलाने वाले' लोगों को नहीं रखा। उन्होंने कहा, 'यह आवश्यक है कि कलाकारों और सितारों के नजदीक वास्तविकता से अवगत कराने वाले लोग रहें। ऐसी परिस्थिति में मैं बहुत व्यावहारिक रहती हूं। मैंने कभी 'हां में हां मिलाने वाले' लोगों को अपने नजदीक रखना पसंद नहीं किया।

'गुलाबो सिताबो' नई तारीख पर होगी रिलीज

अमिताभ बच्चन और आयुष्मान खुराना की फिल्म 'गुलाबो सिताबो' अब निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पहले यानि 17 अप्रैल 2020 को रिलीज होगी। फिल्म निर्माताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। शूजीत सरकार द्वारा निर्देशित यह फिल्म अगले साल 24 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। लखनऊ की पृष्ठभूमि पर बनी 'गुलाबो सिताबो' एक पारिवारिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म की पटकथा सरकार की पुरानी सहयोगी जूही चतुर्वेदी ने लिखी है। आपको बता दें कि सरकार और जूही ने 'विकी डोनर', 'पिकू' और 'अक्टूबर' फिल्मों के लिए साथ काम किया था। आयुष्मान खुराना 2012 में आई अपनी पहली फिल्म 'विकी डोनर' के बाद अब सरकार के साथ काम कर रहे हैं। 'विकी डोनर' बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हुई थी। वहीं सरकार ने 'पिकू' में बच्चन के साथ काम किया है। राइजिंग सन फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही 'गुलाबो सिताबो' के निर्माता रोनी लाहिड़ी और शील कुमार हैं।

प्रगतिशील फिल्में कोई नहीं देखेगा : नीना गुप्ता

बॉलीवुड की संजीदा अभिनेत्री नीना गुप्ता मानती हैं कि भारतीय दर्शक सामाजिक मान्यताओं को तोड़ने वाले प्रगतिशील मुद्दों पर बनी फिल्मों को देखना नहीं चाहते हैं। एक मौके पर नीना ने कहा, 'हमारा सिनेमा कभी प्रगतिशील नहीं हो सकता। अगर हम सिनेमा को प्रगतिशील बनाएंगे तो उस फिल्म को कोई नहीं देखेगा क्योंकि भारतीय दर्शक इसके लिए तैयार नही हैं। मैंने एक 'सिसकी' नाम का शो किया था जिसमें मेरी शादी एक फौजी से हुई थी। फौजी अच्छा था लेकिन उबाऊ था। मेरा किरदार फौजी के जिंदादिल दोस्त की तरफ आकर्षित हो जाता है। यह शो बिल्कुल नहीं चला।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि पुरुषों ने महिलाओं को वह शो देखने ही नहीं दिया होगा। जैसा हमारा समाज है वैसी ही फिल्में और शो बनेंगे। हमारे समाज को बदलने में सदियां लगेंगी।'

मर्डर मिस्ट्री में तापसी पन्नू के साथ होंगे विक्रांत मेसी

बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू एक के बाद एक फिल्म कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने एक मर्डर मिस्ट्री वाली फिल्म साइन की है। इस फिल्म में उनके साथ विक्रांत मेसी भी होंगे। फिलहाल तापसी पन्नू और विक्रांत मेसी अपनी अगली फिल्म 'हसीन दिलरुबा' की तैयारी कर रहे हैं। 'हसीन दिलरुबा' एक मर्डर मिस्ट्री फिल्म है, जिसका निर्देशन विनिल मैथ्यू करेंगे। मैथ्यू को 2014 में आई रोमांटिक कॉमेडी 'हंसी तो फंसी' के लिए जाना जाता है। 'मनमर्जियां' और 'जजमेंटल है क्या' जैसी फिल्मों की पटकथा लिख चुकीं कनिका ढिल्लों ने 'हसीन दिलरुबा' की पटकथा लिखी है। हालांकि फिल्म के प्लॉट का खुलासा अभी नहीं किया गया है। खबरों की मानें तो फिल्मकार आनंद एल राय कलर येलो प्रोडक्शन के बैनर तले इरोज इंटरनेशनल और हिमांशु शर्मा के सहयोग से का निर्माण कर रहे हैं।

डॉ श्रीराम लागू (16 नवंबर, 1927-17 दिसंबर, 2019)

आज भी रंगमंच पर दबदबा है 'नटसम्राट' का

गणेशनंदन तिवारी

हमारी याद आएगी

अगर पांच हजार सालों में हमें ईश्वर के होने के कोई पुख्ता प्रमाण नहीं मिले हैं, तो हमें ईश्वर की कल्पना पर पुनर्विचार करना चाहिए। मानव सभ्यता के शुरुआती दौर में ईश्वर की कल्पना ठीक थी, मगर अब समय आ गया है, जब हमें ईश्वर को रिटायर कर देना चाहिए... आधुनिक इनसानी समाज पर इतनी बेलाग, सख्त और विवादास्पद टिप्पणी करने वाले डॉ श्रीराम लागू का 17 दिसंबर, मंगलवार, को निधन हो गया। कई हिंदी-मराठी फिल्मों और नाटकों के अलावा सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे लागू को मराठी नाटकों की दुनिया में 'नटसम्राट' माना जाता है। लागू का जाना हिंदी सिनेमा के अभिनेता का जाना भर नहीं, मराठी रंगकर्म की दुनिया के 'नटसम्राट' का जाना भी है। 'नटसम्राट' मशहूर मराठी लेखक कुसुमाग्रज (विष्णु वामन शिरवाडकर) का लिखा ऐसा नाटक है, जिसमें अप्पा साहेब की भूमिका करना किसी अभिनेता को प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान मिलने जैसी खुशी देता है।

महाराष्ट्र में नाटकों की लंबी परंपरा रही है, जिसे मराठी समाज ने आज भी जतन से संभल कर रखा है। मराठी मानुस आज भी टिकट खरीदकर नाटक देखना पसंद करता है। वाकया 1970 के जाड़ों का है। 23 दिसंबर को द गोवा हिंदू एसोसिएशन के कला विभाग ने विष्णु वामन शिरवाडकर के नाटक 'नटसम्राट' का मंचन मुंबई के बिड़ला मातोश्री सभागार में रखा। यह एक उम्रदराज अभिनेता गणपतराव उर्फ अप्पासाहेब बेलवकर की कहानी है, जो अपने बच्चों के नाम अपनी संपत्ति और घर कर देता है और नए सिरे से शुरुआत करता है। उसके सामने क्या स्थितियां बनती है, इसे नाटक में दिखाया गया है। नाटक में अप्पासाहेब की भूमिका कर रहे थे डॉ श्रीराम लागू। अप्पासाहेब की पत्नी कावेरी की भूमिका में थी शांता जोग, जिन्होंने अभिनय के लिए अपना सब कुछ झोंक देने वाले अप्पासाहेब के साथ जिंदगी बिताना, संयम रखना, तनाव झेलना, घर चलाना, समझौते करना जैसी स्थितियों को बखूबी मंच पर उतारा। अप्पासाहेब के रूप में लागू का मशहूर संवाद 'कोई घर देता है क्या...' दर्शकों के दिलों को आज भी छू लेता है। 1970 के 'नटसम्राट' को अपार कामयाबी मिली। लागू की खूब वाहवाही हुई।

1970 का नटसम्राट मराठी मानुष की धमनियों में ऐसा रचा-बसा कि वह बार बार इसे मंचित होते देखना चाहता है। लिहाजा हुआ यह कि अब तक इसका मंचन कई बार हुआ। अप्पासाहेब की भूमिका नौ कलाकार (सतीष दुभाषी, उपेंद्र दाते, यशवंत दत्त, दत्ता भट्ट, मधुसूदन कोल्हटकर, चद्रकांत गोखले, राजा गोसावी, गिरीश देशपांडे और नाना पाटेकर) कर चुके हैं। बावजूद इसके आज भी 'नटसम्राट' अगर याद किया जाता है तो डॉ श्रीराम लागू के निभाए अप्पासाहेब के कारण। दिल तो छू लेने वाली होने के कारण अभिनेताओं को जब अप्पासाहेब की भूमिका मिलती है, तो उसे पूरी मराठी रंगकर्म बिरादरी सम्मान की नजरों से देखती है।

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड्स में दर्ज होने के लिए 27 अगस्त 2013 को मुंबई के बालगंधर्व रंगमंदिर में 'नटसम्राट' के लगातार आठ शो चलाए गए। तीन नाटक कंपनियों ने यह जिम्मा संभाला। सुबह छह बजे से नाटक की शुरुआत हुई तो यह काम खत्म हुआ अगले दिन 28 अगस्त दोपहर डेढ़ बजे। गिरीश देशपांडे ने निर्देशन किया और नटसम्राट की भूमिका भी निभाई। इससे पहले 15 जुलाई 2010 को पांच शो लगातार चलाने का रिकॉर्ड बनाया जा चुका था।

दरअसल आठ शो करके अमेरिकी कंपनी सेवन ओ क्लॉक का 23 घंटों तक लगातार एक ही नाटक के शो करने का रिकॉर्ड तोड़ना था। 'नटसम्राट' ने 27 घंटे 32 मिनट का नया रिकॉर्ड बनाया। बीच में नियमों के मुताबिक 10 मिनट का इंटरवल और नाटक का एक शो खत्म होने के बाद 15 मिनट का ब्रेक रखा गया था। 'नटसम्राट' को लेकर ऐसे कई प्रयोग समय-समय पर हुए। मगर आज भी लागू के निभाए 'नटसम्राट' को बेजोड़ माना जाता है।

प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाकर्मियों को दिए गुलाब के फूल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 दिसंबर।

नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों ने जंतर मंतर पर गुरुवार को सुरक्षा बलों को गुलाब के फूल देकर सहयोग की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्होंने घृणा के बदले प्रेम के संदेश का इजहार किया। प्रदर्शन में शामिल कुछ वकीलों ने दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों को विधिक सहायता प्रदान करने की भी पेशकश की। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, समाजिक कार्यकर्ता और नेता विरोध करने के लिए जंतर मंतर पर पहुंचे थे। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाकर्मियों को फूल दिए। एक प्रदर्शनकारी, मोहित कुमार, ने कहा कि यह है नया इंडिया देश की राजधानी में इंटरनेट ठप्प है और मोबाइल सेवा बंद कर दी गई है।

वहीं, दिल्ली पुलिस ने छात्र-छात्राओं और सामाजिक कार्यकताओं पर आरोप लगाया था कि बिना अनुमति के वे जंतर मंतर पर एकत्रित हुए थे। इसकी अनुमति नहीं दी गई थी। बावजूद इसके सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां और पोस्टर लेकर पहुंचे। इस दौरान जंतर मंतर पर कई पोस्टर लगाए गए थे, जिन पर लिखा था कि बिना इंटरनेट का डिजिटल इंडिया, जनता मांगे रोजी-रोटी, मिलती हमको लाठी गोली और संविधान बचाओ, देश बचाओ।

एक प्रदर्शनकारी, मोहन कुमार, ने बताया कि वे जितना चाहे हमारे ऊपर लाठी चार्ज कर सकते हैं, हम उन्हें गुलाब के फूल देंगे। घृणा के बदले प्रेम। हम उनके आंसू गैस और पानी की बौछार झेलने को तैयार हैं। प्रदर्शन स्थल पर खाने के पैकेट भी बांटे गए। विभिन्न महाविद्यालयों के कानून के छात्र भी प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं। एक अन्य प्रदर्शनकारी, ज्योति साहा, ने कहा कि वह अपने पांच साल के जुड़वां बच्चों के साथ विरोध प्रदर्शन में भाग लेने आई हैं।

भाजपा ने मनमोहन सिंह का 2003 का वीडियो जारी किया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 दिसंबर।

संशोधित नागरिकता कानून को लेकर विपक्षी दलों के तीखे हमलों के बीच भाजपा ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनमोहन सिंह के 2003 में राज्यसभा में दिए भाषण की क्लिप जारी की जिसमें उन्होंने बांग्लादेश जैसे देशों के अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने में 'उदारवादी' रुख अपनाने की वकालत की थी।

वीडियो में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि हमारे देश के विभाजन के बाद बांग्लादेश जैसे देशों में अल्पसंख्यकों को प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा

● वीडियो में उन्होंने बांग्लादेश जैसे देशों के अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने में 'उदारवादी' रुख अपनाने की वकालत की थी।

है। और हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि अगर परिस्थिति इन लोगों को मजबूर करती है व इन दुर्भाग्यशाली लोगों को हमारे देश में शरण लेनी पड़े, तब ऐसे दुर्भाग्यशाली लोगों को नागरिकता प्रदान करने में हमारा रुख उदार होना चाहिए। उन्होंने भाषण में कहा था कि मैं उम्मीद करता हूं कि उप प्रधानमंत्री इस संबंध में नागरिकता कानून को लेकर भविष्य की रूपरेखा तैयार करते समय ध्यान देंगे। मनमोहन सिंह कांग्रेस की अगुआई वाली संप्रग सरकार के दौरान 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री थे। सिंह जब 2003 में भाषण दे रहे थे तब उच्च सदन में आसन पर उपसभापति नजमा हेपतुल्ला बैठी थीं। हेपतुल्ला को यह कहते सुना गया कि पाकिस्तान में भी अल्पसंख्यक परेशान हैं और उनका भी ध्यान रखा जाए। तब तत्कालीन उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने कहा था कि विपक्ष के नेता (सिंह) ने जो कहा, उसका वह पूरा समर्थन करते हैं। हाल ही में संसद में नागरिकता संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान कुछ भाजपा नेताओं ने सिंह के 2003 में दिए गए भाषण को रेखांकित किया था। कानून में संशोधन का कांग्रेस अभी जबर्दस्त विरोध कर रही है।

नागरिकता कानून लागू होगा और भविष्य में एनआरसी भी : नड्डा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 दिसंबर।

देश में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच भाजपा ने गुरुवार को साफ किया कि देश में संशोधित नागरिकता कानून लागू किया जाएगा और भविष्य में एनआरसी भी लागू होगा।

भाजपा मुख्यालय में अफगानिस्तान के शरणार्थियों से भेंट के बाद पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संवाददाताओं से कहा कि भारत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो फैसले लेता है वो मानवतावादी और देश हित में होते हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस मंच से संशोधित नागरिकता कानून का विरोध करने वालों को भी स्पष्ट कहना चाहता हूं कि वो वोटबैंक की राजनीति छोड़ दें। वोटबैंक की खातिर मानवीय पक्ष का निरादर न करें। वह इस कानून का विरोध करने वाले नेताओं से कहना चाहते हैं कि उन्हें पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्ताए से धार्मिक प्रताड़ना के कारण यहां आए हिंदू, जैन, बौद्ध, पारसी, ईसाई व सिख समुदाय के लोगों से मिलना चाहिए और देखना चाहिए कि वे किस हालात में रह रहे हैं। विरोध करने वाले देखें कि किस तरह से ये लोग 30 साल से रह रहे हैं, जहां न तो प्रमाणपत्र बनवा सकते हैं, न ही बच्चों का दाखिला करवा सकते, न मकान खरीद सकते थे और अधर में लटके हुए थे।

पुर्तगाल के प्रधानमंत्री मिले मोदी से

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 दिसंबर।

पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट किया कि पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजन समिति की दूसरी बैठक में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर आए हैं। यहां आने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया । कोस्टा ने गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। कुमार ने अपने ट्वीट में कहा, 'पुर्तगाल के प्रधानमंत्री कोस्टा की, चुनाव में पुनः निर्वाचित होने के बाद भारत की यह पहली यात्रा है।' उन्होंने कहा कि चर्चा के दौरान दोनों नेताओं ने रक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कारोबार सहित संबंधों के विविध आयामों को मजबूत बनाने के व्यापक पक्षों पर चर्चा की।

घुसपैठ के लिए नेपाल से लगी सीमा का भी उपयोग : शाह

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 दिसंबर।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि कुछ ऐसे तत्व हैं जो भारत में शांति नहीं देखना चाहते और वे देश में प्रवेश के लिए खुली सीमाओं, खासकर नेपाल से लगने वाली हमारी सीमा का इस्तेमाल करते हैं। शाह ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के 56वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बीते एक साल में दो पाकिस्तानियों समेत 54 घुसपैठियों को सीमा पर पकड़ा गया। ये घुसपैठिए पाकिस्तान समेत 24 देशों के हैं।

सशस्त्र सीमा बल नेपाल और भूटान से लगी 1,751 किलोमीटर लंबी सीमा की रक्षा करता है। शाह ने कहा कि नेपाल और भूटान के साथ भारत के संबंध मैत्रीपूर्ण हैं। बल ने सुनिश्चित किया है कि इन मोर्चों पर इन देशों के लोगों के साथ सम्मानपूर्ण बर्ताव हो। उन्होंने कहा, 'लेकिन जब दुनिया में यात्रा करना आसान हो गया है, तो उन देशों के वो तत्व जो भारत में शांति देखना नहीं चाहते वे देश में घुसपैठ के लिए नेपाल सीमा का इस्तेमाल कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि एसएसबी दोनों हिमालयी देशों में इस मोर्चे पर अच्छा काम कर रही है कि किसे प्रवेश की अनुमति दी जाए और किसे सीमाओं पर रोका जाए।

शाह ने कहा कि बल ने बीते एक साल में इन सीमाओं पर 380 करोड़ रुपए की प्रतिबंधित सामग्री जब्त की है। इसमें 166 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ शामिल हैं। गृह मंत्री ने कहा कि देश के 130 करोड़ लोग शांति से इसलिए सो पाते हैं क्योंकि सीमा की सुरक्षा करने वाले जवान शून्य से 46 डिग्री सेल्सियस कम तापमान से लेकर 47 डिग्री सेल्सियस तापमान तक प्रतिकूल माहौल में भी देश की सेवा करते हुए सीमा की रक्षा कर रहे होते हैं।

शाह ने जवानों से वादा किया कि नरेंद्र मोदी सरकार एक-डेढ़ साल में यह सुनिश्चित करेगी कि सभी सीमाओं की रक्षा करने वाले जवान कम से कम 100 दिन का समय अपने बच्चों और परिवार के साथ व्यतीत कर सकें। उन्होंने दक्षिणी दिल्ली में एसएसबी के एक शिविर में कहा, यह मुश्किल काम है, लेकिन जैसा कि मोदी सरकार ने अन्य मुश्किल लक्ष्यों को हासिल किया है, इसे भी पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एसएसबी को अगले साल के अंत तक 12,055 अतिरिक्त कर्मी मिलेंगे। गृह मंत्री ने भाषण देने से पहले परेड की समीक्षा की और लगभग 80 हजार जवानों के इस बल के अधिकारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में भारत में नेपाल और भूटान के राजदूतों, सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत और विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुखों ने हिस्सा लिया। एसएसबी का गठन 1962 में चीन के साथ युद्ध के बाद किया गया था।

अमदाबाद में पांच पुलिसकर्मी घायल

पेज 1 का बाकी

कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने करीब 2000 लोगों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने जब प्रदर्शनकारियों को हटाने की कोशिश की तो उन्होंने पथराव किया। पथराव में सहायक पुलिस आयुक्त आरबी राणा सहित कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। सहायक पुलिस आयुक्त आशीष भाटिया ने कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है।

उन्होंने कहा, 'हम आरोपियों की पहचान करेंगे और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करेंगे। शाह-ए-आलम इलाके में पथराव को छोड़कर शहर के किसी भी हिस्से में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।' दोपहर में, अमदाबाद के सरदार बाग इलाके में जुटे कुछ लोगों पर पुलिस ने गुरुवार को लाठीचार्ज किया।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इकट्ठा करीब 200 प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया गया क्योंकि एकत्र हुए लोगों ने प्रदर्शन की अनुमति नहीं ली थी। उन्होंने बताया कि 20 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। निरीक्षक एमएम नायब ने बताया, 'हमने इस प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी थी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हमने उन्हें हटाया। हमने 20 लोगों को हिरासत में भी लिया।' माकपा, भाकपा सहित वाम दलों और उनसे जुड़े संगठनों ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन (डीएसओ) और एसयूसीआइ (कम्युनिस्ट) ने प्रदर्शन का आयोजन किया।

ऑल इंडिया डीएसओ के सदस्य भविक राजा ने कहा, 'हालांकि, हमने आधिकारिक तौर पर इस प्रदर्शन की अनुमति ली थी लेकिन अंतिम समय में इसे रद्द कर दिया गया। हालांकि हमने घोषणा की थी कि हम आज अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे। सीएए और एनआरसी के खिलाफ सरदार बाग में 200 से 300 लोग जुटे थे।'

प्रतिनिधि सभा ने ट्रंप के खिलाफ मतदान कर दो अभियोग लगाए

पेज 1 का बाकी

ने 1974 में महाभियोग की कार्यवाही से पहले ही इस्तीफा दे दिया था।

ट्रंप ने प्रतिनिधि सभा में महाभियोग प्रस्ताव पारित होने के बाद पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद पहले दिन से ही उन पर महाभियोग चलाने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रंप ने मिशिगन के बैटल क्रीक में रैली में कहा, 'तीन साल तक बुरी तरह परेशान किए जाने, अफवाहबाजी और घोटाले के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद करोड़ों देशभक्त अमेरिकियों के जनादेश को अपमानित करने की कोशिश कर रहे हैं।'

उधर वाइट हाउस ने महाभियोग को अमेरिका के इतिहास के बेहद शर्मनाक राजनीतिक घटनाक्रमों में से एक बताया। प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेटिक पार्टी के सभी चार भारतीय अमेरिकी सदस्यों ने ट्रंप पर महाभियोग चलाने के पक्ष में मतदान किया। अब यह प्रक्रिया सीनेट में पहुंच गई है जहां सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता में यह मामला चलेगा। अमेरिका के 243 साल के इतिहास में किसी भी राष्ट्रपति को महाभियोग के जरिये पद से हटाया नहीं गया है। इसके लिए 100 सदस्यीय सीनेट में दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। इसका मतलब होगा कि रिपब्लिकन पार्टी के कम से कम 20 सदस्य ट्रंप के खिलाफ मतदान करेंगे तब जाकर उन्हें पद से हटाया जा सकता है। सीनेट में रिपलब्लिक पार्टी बहुमत में है ऐसे में राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि महाभियोग के विफल होने की संभावना है और ट्रंप को पद से हटाने का डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रयास नाकाम रहेगा

बिहार में रेल, सड़क सेवाएं प्रभावित

पेज 1 का बाकी

नागरिकता कानून के विरोध में वामदल से जुड़े छात्र संगठनों के बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों ने रेल और सड़क यातायात को बाधित किया। बंद का समर्थन छोटे दलों ने भी किया।पटना में राजेंद्र नगर टर्मिनस में ट्रेनें रोकी गईं। आरपीएफ के जवानों ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। सुबह दस बजे स्टेशन के सामने वाली सड़क पर टायर जलाए गए। इस दौरान एक आवासीय क्षेत्र की तरफ जा रही एम्बुलेंस में तोड़फोड़ की गई। दरभंगा के लहरिया सराए में ट्रेनें रोकी गईं।

दिल्ली में रहा साल का सबसे सर्द दिन

पेज 1 का बाकी

सहित बिहार व अन्य इलाके शीतलहर की चपेट में हैं। इन सभी जगहों पर तापमान औसत से काफी नीचे दर्ज किया गया। पहाड़ों में कहीं-कहीं हल्की बर्फबारी व दक्षिण भारत में कही-कहीं बारिश भी दर्ज की गई है। यह बर्फबारी पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते हुई है जिसके असर से 21 दिसंबर को दिल्ली व आसपास के इलाकों में बारिश हो सकती है। अब से अगले 22 दिसंबर तक तमाम इलाके घने कोहरे की चपेट में रहने वाले हैं। इस बीच, घने कोहरे के चलते गंगानगर में दृश्यता घट कर 25 मीटर रह गई। इसके अलावा दिल्ली, हिसार, कटरा सहित देश के कई हिस्सों में दृश्यता 50 मीटर दर्ज की गई। इसके चलते करीब दर्जन भर हवाई सेवाएं व कई दर्जन ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहीं।

लखनऊ-मंगलुरु में हिंसा, तीन मरे

पेज 1 का बाकी

और लखनऊ में भी इंटरनेट बंद कर दिया गया है। संभल में दो सरकारी बसों को आग के हवाले कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'जिन लोगों ने सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया है, इन्हीं उपद्रवियों से इसकी वसूली करेंगे। इनकी संपत्ति को नीलाम करके वसूली करेंगे।' उन्होंने कहा, 'उपद्रवियों से सख्ती से निपटेंगे। लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। संभल और लखनऊ में हिंसा हुई। एक दर्जन वाहनों में आग लगायी गई।'

उत्तर प्रदेश के पुलिस प्रमुख ओपी सिंह ने हजरतगंज का दौरा किया और उस जगह का निरीक्षण किया जहां प्रदर्शन के दौरान लोग हिंसक हो गए थे। लखनऊ के डालीगंज इलाके में पथराव और तोड़फोड़ हुआ। ठाकुरगंज में पुलिस ने गोलियां चलाईं। हालांकि, इसमें किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। प्रदर्शन के दौरान मदेयगंज और ठाकुरगंज स्थित सतखंडा पुलिस चौकी फूंकी गई। चौकियों के बाहर खड़े वाहनों को भी फूंक दिया गया। खदरा इलाके में भी तोड़फोड़ और आगजनी हुई और यहां उपद्रवियों ने कई गाड़ियों में आग लगा दी।

इससे पहले सपा और कांग्रेस के नेता विरोध प्रदर्शन करते हुए विधानसभा के मुख्य गेट पर चढ़ गए। पुलिस को उन्हें वहां से हटाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। केडी सिंह बाबू मेट्रो स्टेशन को बंद कर दिया गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अजय कुमार लल्लू समेत कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। हंगामे के कारण लखनऊ में जगह-जगह जाम लगा। लखनऊ के हुसैनाबाद में भीड़ हिंसक हो गई थी। लखनऊ के एसएसपी कलानिधि नैथानी के मुताबिक, बल प्रयोग के बाद भीड़ तितर-बितर हो गई। 50 लोगों के जिले भर में गिरफ्तार किया गया।

पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के मुताबिक, 'पुलिस को राजधानी के मदेयगंज क्षेत्र में भीड़ को तितर बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है।' हसनगंज क्षेत्र में पथराव कर रही भीड़ को तितर बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। परिवर्तन चौक पर भीड़ ने एक टीवी चैनल की ओ बी वैन में तोड़फोड़ की और उसे कथित तौर पर आग के हवाले कर दिया।

विपक्षी सपा व कांग्रेस विधायकों ने विधान भवन में नए कानून के खिलाफ प्रदर्शन और नारेबाजी की। सपा विधायक सुबह ही विधान भवन में एकत्र हो गए। सपा नेता चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के निकट एकत्र हुए और वहां नारेबाजी की। कांग्रेस विधायक भी निकट की सीढ़ियों पर प्रदर्शन कर रहे थे। सपा का एक विधायक विरोध प्रकट करने के लिए मुख्य द्वार पर ही चढ़ गया। कांग्रेस के कुछ विधायक सड़क पर आए।

संभल में हिंसा के बाद जिलाधिकारी अविनाश के सिंह ने कहा, 'जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। यहां भीड़ ने एक बस को आग लगा दी जबकि एक अन्य को क्षतिग्रस्त कर दिया। एक थाने पर भी प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया। इंटरनेट सेवाएं एहतियात के तौर पर बंद की गई हैं।' मऊ में भीड़ ने पथराव किया, जिसके बाद आरएएफ और पीएसी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। यहां भी इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

अलीगढ़ मुसलिम विश्वविद्यालय में कई शिक्षकों ने मौन जुलूस निकाला। प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। कानून का विरोध कर रहे छात्रों का रविवार को पुलिस से संघर्ष हुआ था, जिसमें 60 लोग घायल हो गए थे। प्रशासन ने विश्वविद्यालय को पांच जनवरी तक बंद कर दिया है।

कैबिनेट मंत्री श्रीकांत शर्मा ने कहा, 'सपा, बसपा और कांग्रेस लोगों को गुमराह कर रही है। मुसलमानों के कंधों को साजिश के तहत इस्तेमाल किया जा रहा है।' इस बीच लखनऊ के मंडलायुक्त मुकेश मेश्राम ने कहा, 'वीडियोग्राफी के जरिए जो लोग चिह्नित होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिन लोगों ने नुकसान किया है, उसकी भरपायी उनसे कराई जाएगी।

मुंबई में सड़क पर उतरे लोग

पेज 1 का बाकी

था कि संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

इस दौरान फिल्म निर्माता आनंद पटवर्धन, वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी के पूर्व सहयोगी सुधींद्र कुलकर्णी और कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ मौजूद थीं। वहां वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लेने वाले 94 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी जीजी पारिख भी मैदान में मौजूद थे। राजनीतिक नेताओं में राज बब्बर, हुसैन दलवई और मिलिंद देवड़ा जैसे लोग भी रैली में शामिल थे।

मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान से ही 1942 में महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के खिलाफ 'भारत छोड़ो आंदोलन' का आह्वान किया था। भारी संख्या में लोग अगस्त क्रांति मैदान में पहुंचे। प्रदर्शनकारी मैदान की ओर बढ़ते हुए 'मोदी-शाह से आजादी' जैसे नारे लगा रहे थे। वहां भारी संख्या में लोग भी नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन करने पहुंचे। प्रदर्शनकारियों में राजनीतिक कार्यकर्ता और छात्र भी पहुंचे। इसी तरह के प्रदर्शन महाराष्ट्र के अन्य कई शहरों में भी हुए।

वहां प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून सांप्रदायिक है और यह मुसलमानों से भेदभाव करता है। मुंबई में प्रदर्शन का आयोजन भाकपा जैसे राजनीतिक दलों और नागरिक समाज समूहों ने किया, लेकिन इसमें लगभग सभी तबके के लोग शमिल हुए। शाम चार बजे शुरू हुए इस प्रदर्शन में असम, मिजोरम के छात्र और अन्य भी स्थानीय लोगों के साथ शामिल हुए।

लोगों को संबोधित करते हुए सईद मिर्जा ने कहा कि अब समय आ गया है जब देखना है कि भारतीय आरएसएस के दूसरे प्रमुख गोलवलकर के विचारों को चुनते हैं या आंबेडकर के विचारों को। वे महात्मा गांधी के विचारों को चुनते हैं या उनके हत्यारे नाथूराम गोडसे के विचारों को। मैदान में एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ 'तानाशाही नहीं चलेगी' जैसी नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर ले रखे थे। कुछ तख्तियों पर 'हिंदू-मुसलिम एक हैं, मोदी-शाह फेक हैं, जब तख्त गिराए जाएंगे जब ताज उछाले जाएंगे, भारत को बांटना बंद करो' जैसे नारे लिखे हुए थे। इसी तरह के प्रदर्शन पुणे, नागपुर और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में देखने को मिले।

नाबालिग होने का दावा करने वाले दोषी की याचिका खारिज

पेज 1 का बाकी

साल पहले 16 दिसंबर की रात को एक नाबालिग समेत छह लोगों ने चलती बस में 23 वर्षीय छात्रा से सामूहिक बलात्कार किया था और उसे बस से बाहर सड़क के किनारे फेंक दिया था। सिंगापुर में 29 दिसंबर 2012 को एक अस्पताल में पीड़िता की मौत हो गई थी।

कमिंस पर केकेआर ने लगाई 15.50 करोड़ की बोली

पेज 1 का बाकी

लिए मशहूर ग्लेन मैक्सवेल के लिए पंजाब की टीम ने 10.75 करोड़ रुपए की बोली लगाई और उन्हें टीम में शामिल करने में सफल रही।

उनादकट को सिर्फ तीन करोड़

2018 में 11.5 करोड़ और 2019 में 8.5 करोड़ रुपए की बोली पाने वाले इस खिलाड़ी को एक बार फिर राजस्थान रॉयल्य ने खरीदा लेकिन लेकिन सिर्फ तीन करोड़ रुपए में। भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके पीयूष चावला को चेन्नई सुपरकिंग्स ने 6.75 करोड़ रुपए में खरीदा। 1.5 करोड़ के बेस प्राइस में शामिल रॉबिन उथप्पा को राजस्थान रॉयल्स ने तीन करोड़ में खरीदा।

संरा की निगरानी में जनमत संग्रह कराए भाजपा : ममता

पेज 1 का बाकी

चाहती है, कर सकती है। यदि भाजपा में साहस है तो उसे सीएए और एनआरसी के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में जनमत संग्रह कराना चाहिए।'

उन्होंने कहा, 'यदि भाजपा व्यापक मत हासिल करने में विफल रहती है तो तब उसे सत्ता छोड़ देनी चाहिए।'

बनर्जी ने दावा किया कि उन्हें सूचना मिली है कि भाजपा अपने कैडरों के लिए टोपियां खरीद रही है जो इन्हें पहनकर एक खास समुदाय की छवि खराब करने के लिए तोड़फोड़ कर रहे हैं।

बनर्जी ने एकबार फिर दोहराया कि विवादास्पद कानून और प्रस्तावित एनआरसी को पश्चिम बंगाल में लागू नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थापना 1980 में हुई थी और वह नागरिकता दस्तावेज 1970 के मांग रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदर्शनों को रोकने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में निषेधाज्ञा लागू करने के बावजूद भाजपा सफल नहीं होगी।

दिल्ली में प्रदर्शन, येचुरी व माकन सहित 1200 लोग गिरफ्तार

पेज 1 का बाकी

में शामिल हैं, जिन्हें लाल किले और मंडी हाउस से हिरासत में लिया गया। लाल किले और मंडी हाउस के अलावा छोटे पैमाने पर राजघाट, जामिया नगर और कश्मीरी गेट सहित विभिन्न इलाकों में संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन हुए। प्रदर्शन को लेकर अफवाहें फैलने से रोकने के लिए कुछ समय के लिए इंटरनेट और मोबाइल फोन सेवा भी दिल्ली के कई इलाकों में बंद कर दी गई।

दिल्ली पुलिस ने एहतियातन लाल किला, सुनहरी मस्जिद के अलावा उत्तरी-पूर्वी जिले के कई इलाकों में धारा 144 लागू कर रखी थी। हालांकि सुबह से ही बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी लाल किले के पास पहुंच रहे थे। दिल्ली पुलिस ने यहां पहुंचने वाले लोगों को जानकारी दी कि इस पूरे इलाके में धारा 144 लागू है लिहाजा विरोध-प्रदर्शन नहीं करें अपने घर लौट जाएं। यदि उनके पास कोई ज्ञापन है तो वह पुलिस को दे दें। पर प्रदर्शनकारी नहीं माने और वहीं डटे रहे। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस सैकड़ों लोगों को हिरासत में लेकर बसों से सूरजमल स्टेडियम और बवाना गई, जहां सभी को कई घंटे तक हिरासत में रखा गया।

दिल्ली पुलिस के निर्देश पर राजधानी के कई क्षेत्र में एअरटेल, वोडाफोन आइडिया और रिलायंस जियो सहित दूरसंचार कंपनियों की इंटरनेट, वायस और संदेश सेवाओं को निलंबित कर दिया गया। उत्तरी और मध्य दिल्ली के पुराने इलाकों सहित मंडी हाउस, सीलमपुर, जाफराबाद, मुस्तफाबाद, जामिया नगर, शाहीन बाग और बवाना में दूरसंचार सेवाओं को निलंबित किया गया था। दिल्ली पुलिस ने अपने आदेश में कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए सभी तरह की संचार सेवाओं वॉयस, एसएमएस और इंटरनेट सेवाओं को सुबह नौ बजे से एक बजे तक बाधित कर दिया गया।

दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता मनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि पिछले कई दिनों से राजधानी के कई इलाकों में विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियातन राजधानी के कुछ इलाकों में धारा 144 लगाई गई थी। बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बलों को प्रदर्शनस्थल पर तैनात किया गया था। लाल किले और सुनहरी मस्जिद के आसपास बैरिकेडिंग कर दी गई थी। इसके साथ ही मंडी हाउस, आइटीओ, जंतर-मंतर, जामिया, शाहीन बाग और जाफराबाद, सीलमपुर के अलावा उत्तरी-पूर्वी जिले के कई इलाकों में बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

मंगलुरु में पुलिस की गोली से दो की मौत

पेज 1 का बाकी

ने पुष्टि की कि दो लोग पुलिस की गोलीबारी में घायल हुए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान जलील कुदरोली (49) और नौशीन (23) के तौर पर की गई है। वहीं संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ बंगलुरु में प्रदर्शन के दौरान इतिहासकार रामचंद्र गुहा समेत बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने गुरुवार को हिरासत में लिया। बाद में रामचंद्र गुहा को रिहा कर दिया गया। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में 21 दिसंबर तक निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। बंगलुरु के अलावा कर्नाटक के विभिन्न हिस्सों से प्रदर्शन की खबरें हैं। इसके अलावा हैदराबाद और चेन्नई में भी विरोध प्रदर्शन हुआ है।

कर्नाटक के हुबली, कलबुर्गी, हासन, मैसूरू और बेल्लारी सहित राज्य के तमाम हिस्सों में प्रदर्शन हुए। पुलिस ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप में इन लोगों को गिरफ्तार किया। बंगलुरु के टाउन हॉल में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ प्रदर्शन करने को लेकर प्रख्यात इतिहासकार रामचंद्र गुहा सहित अन्य लोगों को पुलिस ने धारा 144 का उल्लंघन करने के आरोप में हिरासत में लिया। हिरासत से रिहा किए जाने के बाद गुहा ने कहा कि यह बिल्कुल अलोकतांत्रिक है कि पुलिस शांतिपूर्ण तरीके से भी प्रदर्शन नहीं करने दे रही है, जबकि यह नागरिकों का मौलिक अधिकार है। पुलिसकर्मी गुहा को अपने साथ पास में ही खड़े वाहन तक ले कर गए। बायोकॉन की चेयरपर्सन व प्रबंध निदेशक किरण मजूमदार शॉ ने पुलिस की कार्रवाई पर आश्चर्य जताया है। उन्होंने ट्वीट किया है, 'यह बेहद आश्चर्यजनक है और दिखाता है कि उन्हें मतभेद प्रकट करने की मौलिक आजादी की कोई समझ नहीं है... शांतिपूर्ण प्रदर्शन के साथ ऐसा गलत व्यवहार नहीं करना चाहिए।'

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने कहा, 'मैं अल्पसंख्यक मुसलमान भाइयों से अनुरोध करता हूं कि इस कानून का आपके ऊपर कोई कुप्रभाव नहीं होगा, आपके हितों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। कृपया सहयोग करें, शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखें।' येदियुरप्पा ने सुबह पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। प्रशासन ने बुधवार से ही बंगलुरु सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में धारा 144 लगाई है। यह 21 दिसंबर तक के लिए प्रभावी है। वहीं चेन्नई में अभिनेता व मक्कल निधि मैयम प्रमुख कमल हासन ने गुहा और स्वराज अभियान के प्रमुख योगेंद्र यादव को हिरासत में लिए जाने की कटु आलोचना की। हासन ने ट्वीट किया 'मैं उनकी सुरक्षा को लेकर चिंतित हूं। भारत आपके साथ है।'

नई दिल्ली

www.readwhere.com

इंजन के अंदर ही चालक को मिलेगा ट्रेन रोकने-चलाने का सिग्नल

पंकज रोहिला
नई दिल्ली, 19 दिसंबर।

रेलवे में अब चालक को लोको केबिन में (इंजन के अंदर) ही ट्रेन के रूकने व चलने का सिग्नल मिल सकेगा। मंत्रालय ने रेलवे के बेहतर संचालन व हादसों में कमी लाने के लिए यह तकनीक तैयार की है। इसके लिए रेलवे ने पॉयलट प्रोजेक्ट भी शुरू कर दिया है। यह सिस्टम दिल्ली मेट्रो की तर्ज पर तैयार किया गया है।

रेलवे बोर्ड अध्यक्ष वीके यादव ने कहा कि रेल सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए इस योजना पर काम किया जा रहा है। पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत रेलवे 150-150 किलोमीटर के प्रमुख कॉरिडोर चिह्नित किए हैं। इन मार्गो पर स्क्रीन व सिस्टम स्थापित करने का काम किया जा रहा है। प्रोजेक्ट पर करीब 650 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

मेट्रो की तर्ज पर शुरू किया गया पायलट प्रोजेक्ट
650 करोड़ की लागत से सुधारा जाएगा नेटवर्क

मंत्रालय के मुताबिक नई व्यवस्था के तहत चालक के लिए इंजन के अंदर ही एक स्क्रीन उपलब्ध होगी। ट्रेन का चालक इस स्क्रीन पर सभी संदेश व सिग्नल देख सकेगा। यह सिग्नल करीब एक से डेढ़ किलोमीटर पहले ही चालक को मिल जाएगी। इससे कोहरे के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं में भी कमी लाई जा सकेगी।

पायलट प्रोजेक्ट के तहत झांसी- बीना, येरगुंटला-रेणिगुंटा, विजयनगरम-बांद्रा के बीच काम किया जा रहा है। प्रोजेक्ट सफल होने के बाद 65000 किलोमीटर के नेटवर्क को इस सिस्टम से जोड़ा जाएगा। कै ब सिग्नल प्रोजेक्ट को इसरो व आइआइटी की मदद से विकसित किया गया है जो उपग्रह की मदद से गाड़ी को ट्रेक करेगा। फिलहाल रेलवे के पास केवल गतिमान में ही ऐसा सिस्टम प्रयोग किया जाता है। अब मंत्रालय इससे भी अत्याधुनिक तकनीक को लाने की तैयारी कर रहा है।

फार्म नं. आईएनसी-26
[कम्पनी (गठन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के उपवाक्य (क) के मामले में
और
एन के माइक्रो प्राईवेट लिमिटेड
जिसका पंजीकृत कार्यालय : प्रापर्टी नंबर 112, स्वायर वन मॉल, डिस्ट्रिक्ट सैंटर, साकेत, दिल्ली 110017 में है, के मामले में
...याचिकाकर्ता
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी 09.12.2019, को आयोजित असाधारण बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में अपने पंजीकृत कार्यालय को **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "हरियाणा राज्य"** में परिवर्तित करने के लिए कम्पनी के संस्था के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में संशोधन की पुष्टि चाहने हेतु कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत केन्द्र सरकार के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।
कोई भी व्यक्ति जिसका कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से कोई भी हित प्रभावित होने की सम्भावना हो, वह अपने हित के प्रभाव से संबंधित आश्रय एवं आपत्ति की पृष्ठभूमि को दर्शाते हुए एक शपथपत्र के साथ अपनी आपत्ति पर निवेशक शिकायत फार्म दाखिल करके या पंजीकृत डाक द्वारा **क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय बी-विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड नई दिल्ली-110003** के पास इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर भेज सकता है और इसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी के नीचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय में भी भेजी जानी चाहिए:
एन के माइक्रो प्राईवेट लिमिटेड
(CIN : U74899DL1994PTC062260)
प्रापर्टी नंबर 112, स्वायर वन मॉल, डिस्ट्रिक्ट सैंटर, साकेत, दिल्ली 110017
ई मेल : nkmicro@gmail.com
मोबाइल नं : 0129-4058820
कृते एन के माइक्रो प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता./-
तिथि : 09/12/2019 सुशील नागपाल
स्थान - नई दिल्ली निदेशक
डीआईएन : 01775392
पता : हाउस नंबर 1219, सेक्टर -14, फरीदाबाद, हरियाणा-121007

FORM NO. INC-25A
Before the Hon'ble Regional Director
Ministry of Corporate Affairs, Northern Region
AND
In the matter of the Companies Act, 2013, Section 14 of Companies Act, 2013 and Rule 41 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014 as amended upto date
AND
In the matter of Ujala Healthcare Services Limited
having its registered office at 1101, 11th Floor, Antriksh Bhawan 22, Kasturba Gandhi Marg, Connaught Place, New Delhi 110001
(CIN: U85100DL2017PLC317134 .... Petitioner/Applicant

NOTICE

Notice is hereby given to the general public that the company is intending to make an application to the Central Government under section 14 of the Companies Act, 2013 read with aforesaid rules and is desirous of converting into a "Private Limited Company" in terms of the special resolution passed at its Extra-Ordinary General Meeting held on 09th December, 2019 to enable the company to give effect for such conversion.
Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change/status of the company may deliver or cause to be delivered or send by registered post of his objections supported by an affidavit stating the nature of his interest and grounds of opposition to the concerned Regional Director, Northern Region (B-2 Wing, 2nd Floor, Paryavaran Bhawan, CGO Complex, New Delhi - 110003), within fourteen days from the date of publication of this notice with a copy to the applicant company at its registered office situated at 1101, 11th Floor, Antriksh Bhawan 22, Kasturba Gandhi Marg, Connaught Place New Delhi-110001.

For and on behalf of the Applicant
Ujala Healthcare Services Limited
Sd/-
Anil kumar Varshneya,
Director
DIN: 07995313
Place: New Delhi
Date: 19th December, 2019

भारत-बर्मिंघम मिलकर तैयार करेंगे नई पीढ़ी की गाड़ियां

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 दिसंबर।

यात्रियों के लिए नई पीढ़ी की गाड़ियां तैयार करने के लिए मंत्रालय बर्मिंघम विश्वविद्यालय की मदद लेगा। गुरुवार को इस करार पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव और शोध विभाग के अध्यक्ष प्रो क्लिव राबर्ट ने हस्ताक्षर किए। यह भविष्य में परिवहन सेवाओं के लिए एक उत्कृष्ट राष्ट्रीय रेल परिवहन इंस्टीट्यूट (एनआरटीआई) स्थापित करने में मदद करेगा।

रेल मंत्रालय इस केंद्र में संस्थापक सदस्य होगा और अध्ययन के लिए तमाम तकनीकी व अन्य सहयोग देगा। इस केंद्र में छात्रों को इस क्षेत्र में अध्ययन करने का भी मौका मिलेगा। इस केंद्र को विकसित करने के लिए अन्य विशेषज्ञ संगठनों की भी मदद ली जाएगी। भारत व बर्मिंघम मिलकर रेल व रेल परियोजनाओं को तैयार करने में मदद करेंगे। अनुबंध के मुताबिक बर्मिंघम रेल शोध व अध्ययन की विशेष टीम और रेलवे मिलकर रेलवे क्षेत्र में सिग्नल, नेटवर्क, उपकरण रखरखाव व सुरक्षा जैसे क्षेत्र में अध्ययन करेंगे। इसकी मदद से भविष्य में रेल सेवाओं को सुधारने में मदद मिलेगी।

फॉर्म संख्या आई एन सी-26
सार्वजनिक सूचना
कम्पनीज (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के तहत केन्द्र सरकार, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के उपधारा (4) तथा कंपनियों (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खण्ड (ए)
तथा
जूही फोम प्राइवेट लिमिटेड
जिसका पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नं. 307-308, सैक्टर-6, आई.एम.टी., मानेसर, हरियाणा-122050, इंडिया
.....याचिकाकर्ता
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत सामान्य जनता को यह सूचना दी जाती है कि कंपनी ने 16 दिसम्बर, 2019 को आयोजित अतिरिक्त सामान्य आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और हरियाणा" से "उत्तर प्रदेश राज्य"** में अपना पंजीकृत कार्यालय बदलने तथा कम्पनी के एसोसिएशन के ज्ञापन की परिवर्तन की पुष्टि के लिए केन्द्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव रखती है।
कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक के चौदह दिनों के भीतर अपने विरोध का कारण और हित की प्रकृति जो शपथ-पत्र द्वारा समर्थित हो वह एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत फार्म भरें या रजिस्टर्ड डाक द्वारा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरीय क्षेत्र बी-2, विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सी.जी.ओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली-110003 को साथ में एक प्रति याचिकाकर्ता कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय जो ऊपर विवरणित है पर भेजें।
प्लॉट नं. 307-308, सैक्टर 6, आई.एम.टी., मानेसर, हरियाणा-122050, इंडिया
के लिए और उनकी ओर से
जूही फोम प्राइवेट लिमिटेड
हस्ताक्षर/-
(प्रद्युम्न कुमार गुप्ता)
दिनांक : 19.12.2019 निदेशक
स्थान : दिल्ली डिन : 01208069

ऋण वसूली अधिकरण-III, दिल्ली के समक्ष
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली-110001
ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया) नियमों 1993 के नियम 12 व 13 के साथ, पठित बैंक एवम् वित्तीय संस्थान अधिनियम 1993 के अनुसार देय ऋण की वसूली की धारा 19(4) के तहत सूचना।
ओ.ए. नं.619/2018/डीआरटी-3 के मामले में
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया .... आवेदक
बनाम
श्रीमती शालिनी गर्ग एवं अन्य .... प्रतिवादी
सेवा में, (डी-3) मैसर्स शुभकामना बिल्डटेक प्रा. लि.
इसके प्राधिकृत अधिकारी/निदेशक के माध्यम से
श्री हरीष कुमार पुत्र श्री घनश्याम दत्त,
इसका पंजीकृत कार्यालय: 197-ई, पॉकेट-4, मयूर विहार, फेज-1, दिल्ली-91
चूंकि ऊपर नामित आवेदक ने आपके खिलाफ एक मामला शुरू किया है और चूंकि, इस न्यायाधिकरण की संतुष्टि हेतु यह दर्शाया गया है कि आपको सामान्य ढंग से सूचना देना संभव नहीं है। अतः इस विज्ञापन के जरिये आपको निर्देश देते हुए यह सूचना दी जाती है कि आप 20.02.2020 को पूर्वा. 10:30 बजे इस न्यायाधिकरण में उपस्थित हों। इस बात पर ध्यान दें कि ऊपर निर्धारित दिन पर इस न्यायाधिकरण के समक्ष आपके उपस्थित न होने की स्थिति में, इस मामले की सुनवाई व निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।
29 नवम्बर, 2019 को मेरे हस्ताक्षर और इस अधिकरण की मोहर के तहत दिया गया।
न्यायालय की मुहर
अधिकरण के आदेशानुसार,
सहायक रजिस्ट्रार, डीआरटी-III, नई दिल्ली

ऋण वसूली अधिकरण-III, दिल्ली के समक्ष
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली-110001
ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया) नियमों 1993 के नियम 12 व 13 के साथ, पठित बैंक एवम् वित्तीय संस्थान अधिनियम 1993 के अनुसार देय ऋण की वसूली की धारा 19(4) के तहत सूचना।
ओ.ए. नं.272/2019/डीआरटी-3 के मामले में
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया .... आवेदक
बनाम
श्रीमती लक्ष्मी देवी एवं अन्य .... प्रतिवादी
सेवा में,
(डी-2) मैसर्स शुभकामना बिल्डटेक प्रा. लि.
इसका पंजीकृत कार्यालय: 197-ई, पॉकेट-4, मयूर विहार, फेज-1, दिल्ली-91
चूंकि ऊपर नामित आवेदक ने आपके खिलाफ एक मामला शुरू किया है और चूंकि, इस न्यायाधिकरण की संतुष्टि हेतु यह दर्शाया गया है कि आपको सामान्य ढंग से सूचना देना संभव नहीं है। अतः इस विज्ञापन के जरिये आपको निर्देश देते हुए यह सूचना दी जाती है कि आप 23.12.2019 को पूर्वा. 10:30 बजे इस न्यायाधिकरण में उपस्थित हों।
इस बात पर ध्यान दें कि ऊपर निर्धारित दिन पर इस न्यायाधिकरण के समक्ष आपके उपस्थित न होने की स्थिति में, इस मामले की सुनवाई व निर्णय आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जाएगा।
28 अक्टूबर, 2019 को मेरे हस्ताक्षर और इस अधिकरण की मोहर के तहत दिया गया।
न्यायालय की मुहर
अधिकरण के आदेशानुसार,
सहायक रजिस्ट्रार, डीआरटी-III, नई दिल्ली

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम / A Government of India Undertaking
अंचल कार्यालय: विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010
ई-नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित सुरक्षित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के अंतर्गत 'ई-नीलामी' द्वारा अचल सम्पत्तियों की बिक्री सूचना
EMD प्राप्त होने की अंतिम तिथि 27-01-2020 सांय 5 बजें तक
नीलामी की तिथि व समय : 28-01-2020 पूर्वाहन 11-30 से अपराहन 12-30 बजे तक
ऋणी व जमानतकर्ता को विशेष रूप से व सर्वसाधारण को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित सुरक्षित ऋण प्रदाता बैंक द्वारा बंधक /प्रभारित अचल सम्पत्ति का कैनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रलक्षित (Constructive)/भौतिक कब्जा लिया गया है। बंधक सम्पत्ति की बिक्री (जो है,जहाँ है,जैसी है एवं जैसी भी स्थिति में है) के आधार पर दिनांक 28-01-2020 को की जायेगी।

लॉट सं. (1)	ऋणी/गारन्टर/बंधककर्ता का नाम एवं पता (2)	सम्पत्ति का विवरण (3)	कुल देनदारियां / धरोहर राशि का खाता विवरण (4)	आरक्षित मूल्य (रु) (5) / धरोहर राशि जमा (EMD)	व्यक्ति से सम्पर्क के लिए मोबाईल नं0
(1)	1. श्रीमती बिलकिश बेगम पत्नी अशफाक अहमद, 5, एजाज नगर गौटिया दो मीनार मस्जिद के सामने बरेली 2. श्री अशफाक अहमद पुत्र नत्थू बक्श, 5, एजाज नगर गौटिया दो मीनार मस्जिद के सामने बरेली 3. श्री रिफाकत अली पुत्र शेर मौहम्मद केजेएन जरी आर्ट एजाज नगर गौटिया जगतपुर लाला बेगम दो मीनार मस्जिद के पास बरेली	आवासीय मकान स्थित खसरा नंबर 37 का हिस्सा, जगतपुर लाला बेगम, बरेली श्रीमती बिलकिश बेगम पत्नी श्री अशफाक अहमद के नाम क्षेत्रफल 79.43 वर्गमीटर सीमायें:-पूर्व: रास्ता, पश्चिम: सिद्दीक का मकान, उत्तर: श्री दुलारे मियां की भूमि, दक्षिण: हशमत का मकान	रू 1016694.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे 04.08.2018 से A/c No 5119296000001, IFSC Code: CNRB0005119	रू 1425000.00 रू 142500.00	प्रबंधक केनरा बैंक, राजेन्द्रनगर, बरेली शाखा फोन: 0581-2301455 मो0 संख्या
(2)	1. मैसर्स टयूबा ब्रुशवेयर द्वारा प्रोपराइटर – श्री दिलशाद आलम मौहल्ला हुसैनपुर धामपुर, जिला-बिजनौर 2. श्री दिलशाद आलम पुत्र श्री फकरुद्दीन मौहल्ला हुसैनपुर धामपुर, जिला-बिजनौर	आवासीय मकान स्थित ग्राम हुसैनपुर धामपुर, जिला-बिजनौर श्री दिलशाद आलम पुत्र श्री फकरुद्दीन के नाम, क्षेत्रफल 167.48 वर्गमीटर सीमायें:-पूर्व: महमूद का मकान, पश्चिम: रास्ता 25' चौड़ा, उत्तर: दिलशाद आलम का मकान, दक्षिण: रास्ता 13' चौड़ा	रू 4390631.50 + ब्याज एवं अन्य खर्चे 01.04.2019 से A/c No 2165296000001 & IFSC Code: CNRB0002165	रू 2157000.00 रू 215700.00	प्रबंधक केनरा बैंक, धामपुर शाखा फोन: 01344-234028 मो0 संख्या 9456591014
(3)	1. मैसर्स ब्रिजवासी इलेक्ट्रॉनिक्स, द्वारा प्रोप्राइटर- श्री धर्मेंद्र शर्मा निवासी मौहल्ला जलाल नगर, अवंतिका नगर, सलेमपुर बाईपास रोड शनि मंदिर के पास गजरौला, तहसील धनौरा, जिला अमरोहा 2. श्री धर्मेन्द्र शर्मा पुत्र श्री भगवान दास शर्मा निवासी मौहल्ला जलाल नगर, अवंतिका नगर, सलेमपुर बाईपास रोड शनि मंदिर के पास गजरौला, तहसील धनौरा, जिला अमरोहा	आवासीय मकान संपत्ति गाटा संख्या 155, मौहल्ला जलाल नगर, अवंतिका नगर सलेमपुर बाईपास रोड, शनि मंदिर के पास, गजरौला तहसील धनौरा जिला अमरोहा संपत्ति श्री धर्मेंद्र शर्मा के नाम। क्षेत्रफल 79.23 वर्गमीटर सीमायें:-पूर्व: रास्ता, पश्चिम: जिला पंचायत की संपत्ति, उत्तर: मंदिर, दक्षिण: जिला पचायत की संपत्ति	रू 1712530.50 + ब्याज एवं अन्य खर्चे 01.03.2018 से A/c No 3443296000001 IFSC Code: CNRB0003443	रू 1831000.00 रू 183100.00	प्रबंधक केनरा बैंक, गजरौला शाखा फोन: 05924-254070 मो0 संख्या 8755907411
(4)	1. मैसर्स अरशद हैंडलूम (प्रो. मौहम्मद अरशद) मौहल्ला इस्लाम नगर स्योहारा, तहसील-धामपुर जिला बिजनौर 2. मौ. अरशद पुत्र मौहम्मद अख्तर मौहल्ला इस्लाम नगर स्योहारा, तहसील -धामपुर जिला बिजनौर 3. मौहम्मद अकबर पुत्र श्री अख्तर हुसैन मौहल्ला इस्लाम नगर स्योहारा, तहसील -धामपुर जिला बिजनौर 4. मौ अनवर पुत्र श्री अख्तर हुसैन मौहल्ला इस्लाम नगर स्योहारा, तहसील -धामपुर जिला बिजनौर	आवासीय मकान स्थित ग्राम पिथापुर, परगना-स्योहारा, तहसील धामपुर जिला बिजनौर, मौहम्मद अरशद पुत्र मौ. अख्तर के नाम क्षेत्रफल 90.23 वर्गमीटर सीमायें-पूर्व: भूरे मिस्त्री की भूमि, पश्चिम: विक्रेता की भूमि, उत्तर: एकत सुलताना की भूमि, दक्षिण: पब्लिक रोड	रू 1637887.50 + ब्याज एवं अन्य खर्चे 01.06.2019 से A/c No 2930296000001 IFSC Code: CNRB0002930	रू 1948000.00 रू 194800.00	प्रबंधक केनरा बैंक, सहसपुर शाखा फोन: 01344-278078 मो0 संख्या 9058455945
(5)	1. मैसर्स अरशद हैंडलूम (प्रो. मौहम्मद अरशद) मौहल्ला इस्लाम नगर स्योहरा, तहसील-धामपुर जिला बिजनौर 2. मौ अरशद पुत्र मौहम्मद अख्तर मौहल्ला इस्लाम नगर स्योहारा, तहसील -धामपुर जिला बिजनौर 3. मौहम्मद अकबर पुत्र श्री अख्तर हुसैन मौहल्ला इस्लाम नगर स्योहारा, तहसील-धामपुर जिला बिजनौर 4. मौहम्मद अनवर पुत्र श्री अख्तर हुसैन मौहल्ला इस्लाम नगर स्योहारा, तहसील -धामपुर जिला बिजनौर	आवासीय मकान स्थित मौहल्ला इस्लाम नगर, स्योहरा, तहसील धामपुर जिला बिजनौर, मौहम्मद अकबर पुत्र श्री अख्तर हुसैन के नाम, क्षेत्रफल 41.96 वर्ग मीटर सीमायें-पूर्व: अख्तर हुसैन की भूमि, पश्चिम:सराजुदीन का मकान, उत्तर: रास्ता, दक्षिण: बाबू राम का मकान	रू 1637887.50 + ब्याज एवं अन्य खर्चे 01.06.2019 से A/c No 2930296000001 IFSC Code: CNRB0002930	रू 594000.00 रू 59400.00	प्रबंधक केनरा बैंक, सहसपुर शाखा फोन: 01344-278078 मो0 संख्या 9058455945

बिक्री के नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी कैनरा बैंक की वैबसाईट (www.canara bank.com) पर उपलब्ध है अथवा उपर्युक्त शाखा के द्वारा शाखा प्रबंधक से किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय समय मे सम्पर्क करें।
दिनांक :- 19.12.2019 प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

आइएलपी लागू करने का प्रस्ताव विधानसभा में मंजूर

शिलांग, 19 दिसंबर (भाषा)।

मेघालय विधानसभा ने गुरुवार को ध्वनिमत से एक प्रस्ताव मंजूर कर केंद्र सरकार से बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर नियमन, 1873 के तहत राज्य में इनर लाइन परमिट लागू करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने प्रस्ताव रखा और सत्तारूढ़ भाजपा समेत सभी दलों के सदस्यों ने पार्टी विचारधारा से ऊपर उठकर इसका समर्थन किया। आइएलपी लागू करने के लिए राज्य के मूल निवासियों की मांग के मद्देनजर प्रस्ताव पारित करने के मकसद से एक दिवसीय विशेष सत्र का आयोजन हुआ।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक Indian Overseas Bank

अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना (नियम 8 (6) के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) के प्राविधान के अंतर्गत)

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्ति का पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002, सपठित नियम 8(6)के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) के प्रावधानों के आधार पर अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत बैंक बंधक अचल सम्पत्ति की ई-नीलामी यह सूचना आम तौर पर जनता के लिए और विशेष रूप से ऋणी (ओं), व निर्देशकों को दी जाती है, कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्ति सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/भारित है, प्राधिकृत अधिकारी इण्डियन ओवरसीज बैंक (सुरक्षित लेनदार) द्वारा सम्पत्ति का रचनात्मक/भौतिक कब्जा लिया जा चुका है, के द्वारा **"जहाँ है जैसा है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है"**, के आधार पर निम्नलिखित दिनांक को ऋणी (ओं), बंधककर्ता (ओं) जमानतकर्ता (ओं) व निदेशकों से सम्पत्ति की बिक्री कर निम्नलिखित बकाया धनराशि व भविष्य के ब्याज एवं अन्य खर्चे जो कि इण्डियन ओवरसीज बैंक (सुरक्षित लेनदार) को वसूल करना है। आरक्षित मूल्य व धरोहर धनराशि निम्नलिखित है। ई-नीलामी वेब पोर्टल **www.magicbricks.com** के प्लेटफार्म पर सम्पन्न होगी।

क्र. सं.	शाखा का नाम एवं ऋणी/बंधककर्ता/जमानती का नाम व पता	अचल सम्पत्तियों का विवरण	मांग नोटिस तिथि / कब्जे की तिथि / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बिड गुणक मूल्य	ई-नीलामी की तिथि व समय	खाते का नाम व बिड जमा करने के लिए खाता संख्या एवं एफएससी कोड	निरीक्षण करने की तिथि व समय एवं संपर्क फोन नं0 का विवरण
1.	**शाखा: रूद्रपुर, उधमसिंह नगर, उत्तराखंड** **ऋणी/बंधककर्ता:** 1. मैसर्स अशोका इंजीनियरिंग पार्टनर श्री हरजिंदर सिंह पुत्र श्री अमर सिंह, निवासी: ग्राम जयनगर, तहसील रुद्रपुर जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखंड-263153 2. मैसर्स अशोका इंजीनियरिंग पार्टनर श्री विवेक कुमार पुत्र श्री अशोक कुमार, निवासी: शिमला बहादुर रामपुरा तहसील रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखंड-263153	बंधक सम्पत्ति के सभी भाग व खंड औद्योगिक सम्पत्ति स्थित खसरा नं0 164 मिन, ग्राम जय नगर, गुरुद्वारा, तहसील रुद्रपुर उधम सिंह नगर, फ्रीहोल्ड एवं पूर्व दिशा की ओर भवन भूतल पर। सीमायें:-उत्तर: विक्रेता की सम्पत्ति, दक्षिण: विक्रेता की सम्पत्ति, पूर्व: रास्ता, पश्चिम: अन्य की भूमि	मांग नोटिस तिथि 28.02.2017 / कब्जे की तिथि 26.05.2017 / बकाया राशि रू0 29,38,631/- + प्रभावी ब्याज व अन्य खर्चे	रू0 25,54,000/- / रू0 2,56,000/- / रू0 10,000/-	21.01.2020 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक अगर बिड अंतिम क्षण में रखी जाती है तो 5 मिनट का अतिरिक्त समय देय होगा	खाता संख्या: 159102000009999 IFSC Code: IOBA0001591 IOB Bid Account रुद्रपुर शाखा	किसी भी कार्य दिवस में शाखा प्रबन्धक से फोन नं0 05944-247626, मो. नं. 9027338225 पर प्रातः 10:30 बजे से सायं 4:00 बजे तक परामर्श कर सकते हैं।
2.	**शाखा: हल्द्वानी, बरेली रोड जिला नैनीताल** **ऋणी:** मैसर्स अरोड़ा इंटरप्राइजेज, प्रो. श्री सुभाष अरोड़ा दुकान नं0 E-9, पाल काम्प्लेक्स, मंगल पाराओं, बरेली रोड, हल्द्वानी जिला नैनीताल, पिन-263139 **गारन्टर:** श्री नवतेश अरोड़ा पुत्र श्री सुभाष अरोड़ा, निवासी: 9/13, विष्णुपुरी, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल	बंधक सम्पत्ति सर्वेक्षण प्लॉट 7, पुराना खसरा नं0 131 मिन, नया खसरा नं0 3, एवं नवीनतम खसरा नं0 23 Ka मिन (दुकान) माप क्षेत्रफल 225 वर्ग फीट, स्थित ग्राम -हल्द्वानी मल्ली (पाल कॉम्पलेक्स बरेली रोड), परगना- भवर छ खाता तहसील हल्द्वानी, जिला नैनीताल। सीमायें-पूर्व: 7 फीट 6 इंच चौड़ा रास्ता, पश्चिम: अन्य व्यक्ति की भूमि, उत्तर: टॉयलेट, दक्षिण: गली	मांग नोटिस तिथि 19.04.2017 / कब्जे की तिथि 25.07.2017 / बकाया राशि रू0 15,91,686/- + प्रभावी ब्याज व अन्य खर्चे	रू0 20,63,545/- / रू0 2,10,000/- / रू0 10,000/-	21.01.2020 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक अगर बिड अंतिम क्षण में रखी जाती है तो 5 मिनट का अतिरिक्त समय देय होगा	खाता संख्या 146702000002000 IFSC Code: IOBA0001467 IOB Bid Account हल्द्वानी	किसी भी कार्य दिवस में शाखा प्रबन्धक से फोन नं0 05946-251647, 7409787111 पर प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक परामर्श कर सकते हैं।
3.	**शाखा: ढंडेरा रुड़की** **ऋणी/बंधककर्ता:** जे.पी. फ्लोर एंड फूड इंडस्ट्रीज प्रोपराइटर-ललित मोहन शर्मा -खाता संख्या 174, खसरा नं0 320 का भाग ग्राम-रायपुर परगना-भगवानपुर, तहसील रुड़की जिला हरिद्वार-247667 **ललित मोहन शर्मा** पुत्र स्व0 श्री जयंती प्रसाद शर्मा, निवासी: मकान नं0 145, इन्दरा कालोनी, मुजफ्फर नगर जिला मुजफ्फरनगर, 3090-251001	बंधक सम्पत्ति खाता संख्या 174, खसरा नं0 320 का भाग ग्राम-रायपुर परगना-भगवानपुर, तहसील रुड़की जिला हरिद्वार-247667, सम्पत्ति स्वामी श्री ललित मोहन शर्मा, सीमायें:-उत्तर: रास्ता 22' चौड़ा, दक्षिण: फैक्टरी गायत्री इंटरप्राइजेज, पूर्व: विमल पेट्रोकेम इंडस्ट्री, पश्चिम: रास्ता 21'-6" चौड़ा	मांग नोटिस तिथि 17.10.2014 / कब्जे की तिथि 10.12.2015 / बकाया राशि रू0 1,01,82,101/- + प्रभावी ब्याज व अन्य खर्चे	रू0 61,20,000/- / रू0 6,12,000/- / रू0 10,000/-	21.01.2020 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक अगर बिड अंतिम क्षण में रखी जाती है तो 5 मिनट का अतिरिक्त समय देय होगा	खाता संख्या: 254402000001000 IFSC Code:IOBA0002544 IOB Bid Account ढंडेरा रुड़की	किसी भी कार्य दिवस में शाखा प्रबन्धक से फोन नं0 01332-241050 मो. नं. 979464041 पर प्रातः 10:30 बजे से सायं 4:00 बजे तक परामर्श कर सकते हैं।
4.	**शाखा: ढंडेरा रुड़की** **ऋणी/बंधककर्ता:** मैसर्स मारवाड़ी ट्रेडर्स प्रोपराइटर श्री शिव कुमार अग्रवाल निवासी-3 बनिया बाजार, लाल कुर्ती, रुड़की, जिला-हरिद्वार, 2. श्रीमति प्रिति अग्रवाल (ऋणी) पत्नि श्री शिव कुमार अग्रवाल, निवासी- 3 बनिया बाजार, लाल कुर्ती रुड़की, जिला हरिद्वार। **गारन्टर:** 1. श्री राजिन्द्र सिंह पुत्र श्री राम काला (गारन्टर मैसर्स मारवाड़ी ट्रेडर्स) स्थित अम्बा इलेक्ट्रॉनिक्स नक्सर रोड, देहरादुन, रुड़क 2. श्री अमृत कुमार पुत्री श्री महावीर सिंह चौधरी (गारन्टर मैसर्स मारवाड़ी ट्रेडर्स) निवासी ए-84 अशोक नगर, देहरादुन, रुड़की, जिला-हरिद्वार	एक व्यावसायिक गोदाम क्षेत्रफल पूर्व 78 फीट, पश्चिम- 78 फीट, उत्तर- 13 फीट 8 इंच एवं दक्षिण- 13 फीट 8 इंच, कुल क्षेत्रफल 1065.85 वर्ग फीट अर्थात 99.022 वर्ग मीटर, पिरा क्षेत्रफल 662.66 वर्ग फीट अर्थात 61.585 वर्ग मीटर चकबन्दी आकार पत्र 43, चक संख्या 73, गट्टा नं0 281, खसरा नं0 281 स्थित ग्राम-नगला इमरती, परगना एवं तहसील- रुड़की एवं जिला- हरिद्वार। बाहि नं0 1, जिल्द 1573 पेज 373-408, सि0 नं0 7805 से सम्बन्धित है। सीमायें- पूर्व- श्रीमति सुनीता देवी का प्लॉट, पश्चिम- अन्य व्यक्ति का प्लॉट, उत्तर- 15 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण- श्री धमपाल की भूमि।	मांग नोटिस तिथि 23.06.2014 / कब्जे की तिथि 20.02.2015 / बकाया राशि रू0 8,73,152/- + प्रभावी ब्याज व अन्य खर्चे	रू0 9,59,000/- / रू0 96,000/- / रू0 10,000/-	21.01.2020 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक अगर बिड अंतिम क्षण में रखी जाती है तो 5 मिनट का अतिरिक्त समय देय होगा	खाता संख्या: 254402000001000 IFSC Code: IOBA0002544 IOB Bid Account ढंडेरा रुड़की शाखा	किसी भी कार्य दिवस में शाखा प्रबन्धक से फोन नं0 01332-241050 मो. नं. 9794754041 पर प्रातः 10:30 बजे से सायं 4:00 बजे तक परामर्श कर सकते हैं।
5.	**शाखा: काशीपुर (2217)** **ऋणी/बंधककर्ता:** 1. श्री साई कास्मेटिक शोरूम, प्रोपराइटर: श्रीमती रामवती पत्नी गौरधारी लाल, मौहल्ला आवास विकास, काशीपुर उधम सिंह नगर- 244713 2. श्रीमती रामवती पत्नी गौरधारी लाल, सी 432, वार्ड नं0 3, आवास विकास, काशीपुर, उधम सिंह नगर- 244713	बंधक भूमि एवं भवन स्थित मौहल्ला आवास विकास, काशीपुर उधम सिंह नगर- 244713 सम्पत्ति स्वामिनी श्रीमती रामवती पत्नी गीरधारी लाल। सीमायें:- उत्तर: मुकेश जी का मकान, दक्षिण 5.50 मीटर चौड़ा रास्ता, पूर्व: शर्मा जी का मकान, पश्चिम: त्यागी जी का मकान।	मांग नोटिस तिथि 20.06.2019 / कब्जे की तिथि 29.11.2019 / बकाया राशि रू0 15,01,915.08/- + प्रभावी ब्याज व अन्य खर्चे	रू0 18,32,175/- / रू0 1,83,218/- / रू0 10,000/-	21.01.2020 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक अगर बिड अंतिम क्षण में रखी जाती है तो 5 मिनट का अतिरिक्त समय देय होगा	खाता संख्या: 221702000002217 IFSC Code: IOBA0002217 IOB Bid Account काशीपुर शाखा	किसी भी कार्य दिवस में शाखा प्रबन्धक से फोन नं0 05947-272219 मो. नं. 9654389470 पर प्रातः 11:00 बजे से सायं 01:00 बजे तक परामर्श कर सकते हैं।
6.	**शाखा: काशीपुर (2217)** **ऋणी/बंधककर्ता:** 1. मैसर्स अनंत इंडस्ट्रीज प्रोपराइटर श्री गुरदयाल सिंह पुत्र करनैल सिंह, ग्राम-खड़कपुर, देवीपुरा, तहसील- काशीपुर, उधम सिंह नगर-244713 2. गुरदयाल सिंह पुत्र करनैल सिंह, गौतमी हाइट होटल के पिछे, केशवपुरम काशीपुर, उधम सिंह नगर- 244713, 3. श्री करनैल सिंह पुत्र श्री जोड़ा सिंह, गौतमी हाइट होटल के पिछे, केशवपुरम, काशीपुर, उधम सिंह नगर- 244713	बंधक भूमि एवं भवन स्थित ग्राम- खड़कपुर देवीपुरा, तहसील- काशीपुर, उधम सिंह नगर- 244713, सम्पत्ति स्वामी श्री करनैल सिंह पुत्र श्री जोड़ा सिंह। सीमायें:- उत्तर: अन्य व्यक्ति की सम्पत्ति, दक्षिण: 16 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता, पूर्व: अन्य व्यक्ति की सम्पत्ति, पश्चिम: शारदा देवी का मकान।	मांग नोटिस तिथि 20.06.2019 / कब्जे की तिथि 29.11.2019 / बकाया राशि रू0 8,02,760.80/- + प्रभावी ब्याज व अन्य खर्चे	रू0 13,43,255/- / रू0 1,34,325.50/- / रू0 10,000/-	21.01.2020 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक अगर बिड अंतिम क्षण में रखी जाती है तो 5 मिनट का अतिरिक्त समय देय होगा	खाता संख्या: 221702000002217 IFSC Code: IOBA0002217 IOB Bid Account काशीपुर शाखा	किसी भी कार्य दिवस में शाखा प्रबन्धक से फोन नं0 05947-272219 मो. नं. 9654389470 पर प्रातः 11:00 बजे से सायं 01:00 बजे तक परामर्श कर सकते हैं।
7.	**शाखा: भानियावाला (2503)** **ऋणी/बंधककर्ता/गारन्टर:** 1. श्री बीरेन्द्र सिंह रावत **ऋणी:** श्री धीरेन्द्र सिंह रावत पुत्र गंगा, 163, ग्राम- रानी पोखरी, देहरादून- 248140, 2. श्री धीरेन्द्र सिंह रावत पुत्र गंगा, 163, ग्राम- रानीपोखरी, देहरादून- 248140, 3. श्रीमती बसंती रावत पत्नी श्री बीरेन्द्र सिंह रावत, 163, ग्राम- रानी पोखरी, देहरादून- 248140	बंधक भूमि एवं भवन स्थित खाता नं0 246, खसरा नं0 297, मौजा रानीपोखरी, परगना परवादून, तहसील- ऋषिकेश, जिला- देहरादून, सम्पत्ति स्वामी श्रीमती बसंती रावत पत्नी बीरेन्द्र सिंह रावत। सीमायें:- उत्तर: श्री सुशील तिवारी की सम्पत्ति, दक्षिण: 12 फीट चौड़ा रास्ता, पूर्व: श्री दयाल सिंह की सम्पत्ति, पश्चिम: विक्रेता की सम्पत्ति।	मांग नोटिस तिथि 29.04.2019 / कब्जे की तिथि 07.12.2019 / बकाया राशि रू0 13,37,873.20/- + प्रभावी ब्याज व अन्य खर्चे	रू0 24,75,900/- / रू0 2,47,590/- / रू0 10,000/-	21.01.2020 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक अगर बिड अंतिम क्षण में रखी जाती है तो 5 मिनट का अतिरिक्त समय देय होगा	खाता संख्या: 250302000002000 IFSC Code: IOBA0002503 IOB Bid Account भनियावाला शाखा	किसी भी कार्य दिवस में शाखा प्रबन्धक से फोन नं0 0135-2412988 मो. नं. 8279989329 पर प्रातः 11:00 बजे से सायं 01:00 बजे तक परामर्श कर सकते हैं।
8.	**शाखा: भानियावाला (2503)** **ऋणी/बंधककर्ता:** 1. श्री टेक बहादुर थाले पुत्र सी0बी0 थाले, ग्राम- रायपुर लुनवाला रोड, निकट हाथीखाना, रायपुर, देहरादून- 240048 2. श्री टेक बहादुर थाले पुत्र सी0बी0 थाले, ग्राम- रायपुर लुनवाला रोड, निकट हाथीखाना, रायपुर, देहरादून- 240048	बंधक भूमि एवं भवन स्थित खाता नं0 246, खसरा नं0 804/2, मौजा- रायपुर, परगना परवादून, जिला: देहरादून, सम्पत्ति स्वामी श्री टेक बहादुर थाले पुत्र सी0बी0 थाले। सीमायें:- उत्तर: श्री सुमेर सिंह की सम्पत्ति, दक्षिण: रास्ता, पूर्व: श्री हरि राम की भूमि, पश्चिम: श्री सुमेर सिंह एवं ओम प्रकाश की सम्पत्ति।	मांग नोटिस तिथि 17.01.2019 / कब्जे की तिथि 07.12.2019 / बकाया राशि रू0 10,05,660.08/- + प्रभावी ब्याज व अन्य खर्चे	रू0 20,46,000/- / रू0 2,04,600.00/- / रू0 10,000/-	21.01.2020 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक अगर बिड अंतिम क्षण में रखी जाती है तो 5 मिनट का अतिरिक्त समय देय होगा	खाता संख्या: 250302000002000 IFSC Code: IOBA0002503 IOB Bid Account भनियावाला शाखा	किसी भी कार्य दिवस में शाखा प्रबन्धक से फोन नं0 0135-2412988 मो. नं. 8279989329 पर प्रातः 11:00 बजे से सायं 01:00 बजे तक परामर्श कर सकते हैं।

जानकारी अगर कोई हो तो, बैंक की जानकारी के अनुसार कोई भार नहीं, बकाया देय राशि समावेश नहीं, लोकल निजि सरकारी (सम्पत्ति कर, जल सीवरेज, बिजली का बिल इत्यादी) ज्ञात नहीं
बोली के लिए ईएमडी ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि: 22.12.2019 से
बोली के लिए ईएमडी ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि: 20.01.2019, सायं 5.00 बजे तक (कार्यदिवस के समय तक)
प्रत्याशित बोलीदाता सम्पत्ति के निरीक्षण/ई-नीलामी से सम्बन्धित जानकारी के लिए **क्र0सं0 1 के लिए:**- शाखा प्रबन्धक, इंडियन ओवरसीज बैंक, रूद्रपुर शाखा अपर ग्राउन्ड फ्लोर, एसजीएडी कॉम्प्लेक्स, नैनीताल रोड, रूद्रपुर-263153, फोन नं0: 05944-247626, 9027338225 एवं **क्र0 सं0 2 के लिए:**- शाखा प्रबन्धक, हल्द्वानी, होटल कांता, मंगल पाराओं, बरेली रोड, फोन नं0: 05946-251647, मो0 नं0: 7409787111, ई-मेल: iob1467@iob पर कार्यदिवस के दौरान कार्यालय पर एवं **क्र0सं0 3 से 4 के लिए:**-शाखा प्रबन्धक, इंडियन ओवरसीज बैंक, ढंडेरा शाखा पी0ओ0, ग्राम ढंडेरा, रुड़की हरिद्वार, उत्तराखंड-247667, फोन नं0: 01332-241050, 2544, 9794754041 पर कार्यदिवस के दौरान कार्यालय पर **क्र0सं0 5 से 6 के लिए:**- शाखा प्रबन्धक, इंडियन ओवरसीज बैंक, काशीपुर शाखा चामुंडा कॉम्प्लेक्स, रामनगर रोड, काशीपुर, उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड पिन नं0- 244713, फोन नं0: 05947-272219,9654389470/8178809606 पर कार्यदिवस के दौरान कार्यालय पर अथवा **क्र0सं0 7 से 8 के लिए:**- शाखा प्रबन्धक, इंडियन ओवरसीज बैंक, भानियावाला शाखा दुर्गा चौक, पोस्ट- डोईवाला, भानियावाला, देहरादून, उत्तराखण्ड, फोन नं0: 0135-2412988, 8279989329 पर कार्यदिवस के दौरान कार्यालय पर अथवा बैंक द्वारा सर्विस प्रदाता magic brick सर्विस लिमिटेड- हेल्प लाइन नं0 9212346000 मोहित शर्मा मो0: 9837778407, ई-मेल: auction@magicbricks.com एवं mohit.sharma@magicbricks.com पर सम्पर्क करें।
विस्तृत नियम व शर्तों के लिए कृपया हमारी वेबसाइट (वेब पोर्टल) www.magicbricks.com पर देखें
दिनांक: 19.12.2019 प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज बैंक

www.readwhere.com

खबर कोना

लंदन के वेस्टमिंस्टर में गुरुवार को संसद सत्र शुरू होने से पहले ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ।

अमेरिका के शॉपिंग सेंटर में हमलावर ने लोगों को चाकू मारा, एक की मौत

बेवर्टन, 19 दिसंबर (एपी)।

उपनगरीय पोर्टलैंड में एक शॉपिंग सेंटर में और निकटवर्ती क्षेत्र में एक हमलावर ने कई लोगों को चाकू मार और कार चुरा कर भागने की कोशिश की। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बेवर्टन शहर की पुलिस ने बताया कि वेल्स फार्गो बैंक में दो लोगों को और उसके निकट स्थित एक जिम में एक व्यक्ति को हमलावर ने चाकू मार दिया। पुलिस ने बताया कि चाकू मारने के बाद हमलावार ने एक व्यक्ति की कार चुरा ली और उपनगरीय क्षेत्र टिगार्ड पहुंच गया। यहां उसने एक अन्य महिला की कार चुरा ली और उसे चाकू मार दिया। बाद में वह कार से निकला और अधिकारियों से भागने की कोशिश की लेकिन पकड़ा गया। इस पूरे घटनाक्रम में बैंक में चाकू लगने से एक महिला की मौत हो गई और दूसरी महिला गंभीर रूप से जख्मी है। इसके अलावा हमलावर ने जिन दो लोगों की कार चुराई, वह भी गंभीर रूप से जख्मी हैं। बैंक और सैलॉन शॉपिंग सेंटर का ही हिस्सा हैं।

नागरिकता कानून पर भारत में मजबूत बहस हुई : पोम्पियो

वाशिंगटन, 19 दिसंबर (भाषा)।

अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा कि वह भारत के लोकतंत्र का सम्मान करते हैं क्योंकि नागरिकता और धार्मिक स्वतंत्रता जैसे मुद्दों पर वहां दमदार तरीके से चर्चा और बहस हुई। भारत और अमेरिका के बीच दूसरी 'टू प्लस टू' वार्ता के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में पोम्पिओ ने कहा, 'हम अल्पसंख्यकों और उनके धार्मिक अधिकारों का बेहद खयाल रखते हैं और हर जगह उनकी रक्षा करेंगे। हम भारत के लोकतंत्र का सम्मान करते हैं क्योंकि आप ने जो मुद्दा उठाया है, उस पर वहां मजबूत चर्चा और बहस हुई है।' अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ के साथ रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने भारत के अपने समकक्षों विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की विदेश विभाग के फॉगी बॉटम मुख्यालय में बुधवार को मेजबानी की। पोम्पिओ संशोधित नागरिकता कानून को लेकर भारत में हो रहे विरोध प्रदर्शन को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उनसे पूछा गया था कि क्या नागरिकता के लिए लोकतंत्र में धर्म को आधार बनाना उचित है?

भारत-अमेरिका रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 दिसंबर।

भारत और अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग प्रगाढ़ करने, रक्षा व्यापार बढ़ाने, शांतिपूर्ण हिंद- प्रशांत क्षेत्र के लिए जापान जैसे समान समझ वाले देशों के साथ समन्वय बढ़ाने और आंतकवाद के खिलाफ निर्णायक संघर्ष के लिए सहमत हो गए हैं। भारत और अमेरिका के बीच दूसरी 'टू प्लस टू' वार्ता वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग के फॉगी बॉटम मुख्यालय में अमेरिकी समयानुसार बुधवार को हुई।

अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ के साथ रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने भारत के अपने समकक्षों, विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, की फॉगी बॉटम मुख्यालय में मेजबानी की। भारत और अमेरिका के बीच दूसरी 'टू प्लस टू' वार्ता के बाद विदेश मंत्रालय ने बताया, 'वार्ता में पूरे साल हुई प्रगति की समीक्षा की गई। हमने अंतरिक्ष में खोज, रक्षा तथा औद्योगिक समन्वय जैसे क्षेत्रों में नए समझौते किए हैं।' विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों देशों के सांसदों के लिए एक नया एक्सचेंज प्रोग्राम स्थापित करने पर सहमति बनी है। दोनों देशों के नवोन्मेषियों के लिए इंटर्नशिप में मदद करने की खातिर नई पहल होगी।

'टू प्लस टू' वार्ता

"हमने बताया कि पाक नेताओं द्वारा भारत विरोधी उग्र बयानबाजी शांति के अनुकूल नहीं है। हमारी सेनाओं के बीच सहयोग बढ़ा है और हमारे सैन्य अभ्यास आकार और विस्तार में बढ़े हैं।'

इस वार्ता में महत्त्वपूर्ण क्षेत्रीय चुनौतियों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। वार्ता में अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, 'अफगानिस्तान का भविष्य दोनों देशों के लिए महत्त्वपूर्ण है और हम अफगानिस्तान की जनता के अधिक सुरक्षित, समृद्ध और शांतिपूर्ण भविष्य के लिए मिल कर काम कर रहे हैं। हम अफगानास्तिान में भारत के योगदान की सराहना करते हैं और उस मुद्दे पर गहन बातचीत जारी रखने की मंशा रखते हैं।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में गतिशीलता बनाए रखने के संदर्भ में 'टू प्लस टू' वार्ता को 'सार्थक और सफल' करार दिया।

'सजा से पहले मुशर्रफ की मौत हो तो शव को सेंट्रल स्क्वायर पर तीन दिन लटकाएं'

इस्लामाबाद, 19 दिसंबर (भाषा)।

पूर्व सैन्य तानाशाह परवेज मुशर्रफ को एक विस्तृत फैसले में मौत की सजा सुनाने वाली पाकिस्तान की विशेष अदालत ने गुरुवार को कहा कि यदि मुशर्रफ को फांसी दिए जाने से पहले उनकी मौत हो जाती है तो उनके शव को इस्लामाबाद के सेंट्रल स्क्वायर पर खींचकर लाया जाए और तीन दिन तक लटकाया जाए।

मंगलवार को मुशर्रफ को मौत की सजा सुनाने वाली तीन सदस्यीय पीठ के प्रमुख और पेशावर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश वकार अहमद सेठ ने 167 पन्नों का विस्तृत फैसला लिखा है। उन्होंने लिखा कि फांसी दिए जाने से पहले मुशर्रफ की मौत होने पर भी पूर्व राष्ट्रपति को फांसी पर लटकाया जाना चाहिए।

फैसले के अनुसार, 'हम कानून प्रवर्तन एजंसियों को निर्देश देते हैं कि भगोड़े/दोषी को गिरफ्तार करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी जाए और सुनिश्चित करें कि कानून के हिसाब से सजा दी जाए। अगर वह मृत मिलते हैं तो उनकी लाश को इस्लामाबाद के डी चौक तक खींचकर लाया जाए और तीन दिन तक लटकाया जाए।'

फैसले से नाराज पाकिस्तान सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह न्यायाधिकरण के मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रमुख को हटाने के लिए उच्चतम न्यायिक परिषद का रूख करेगी। कानून मंत्री फरोग नसीम ने कहा कि फैसला दिखाता है कि न्यायमूर्ति सेठ 'मानसिक रूप से अस्वस्थ' हैं। उन्होंने कहा कि अगर पहले मुशर्रफ की मौत हो जाती है तो उनके शव को फांसी पर लटकाया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी सजा पाकिस्तान के किसी भी कानून के खिलाफ है।

नसीम ने कहा, 'संघीय सरकार ने उच्चतम न्यायिक परिषद में जाने का फैसला किया है क्योंकि सरकार का मानना है कि ऐसे व्यक्ति किसी उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश नहीं हो सकते। अगर ऐसे न्यायाधीश फैसला देते हैं तो ऐसे न्यायाधीश मानसिक रूप से अस्वस्थ और अक्षम हैं।' पाकिस्तान में उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के किसी न्यायाधीश को पद से हटाने के लिए उच्चतम न्यायिक परिषद ही एकमात्र संस्था है।

फैसले से नाराज पाक सरकार

पाकिस्तान के कानून मंत्री फरोग नसीम ने कहा कि फैसला दिखाता है कि न्यायमूर्ति सेठ 'मानसिक रूप से अस्वस्थ' हैं। ऐसी सजा किसी भी कानून के खिलाफ है। मंत्री ने कहा कि न्यायाधिकरण के मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रमुख को हटाने के लिए उच्चतम न्यायिक परिषद का रूख करेगी।

'सजा बदले पर आधारित'

पाकिस्तान के पूर्व तानाशाह परवेज मुशर्रफ ने कहा कि मौत की सजा 'निजी प्रतिशोध' पर आधारित है। उनकी पार्टी की ओर से जारी एक वीडियो में मुशर्रफ ने कहा, 'इस तरह के फैसले का कोई और उदाहरण नहीं है जब न तो प्रतिवादी को और न ही उसके वकील को अपनी बात रखने का मौका दिया गया हो।'

पाक सामान्य पड़ोसी की तरह व्यवहार करे : भारत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 दिसंबर।

संशोधित नागरिकता कानून पर पाकिस्तानी विदेश मंत्री के बयान को सिरे से खारिज करते हुए विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि इस्लामाबाद को एक सामान्य पड़ोसी की तरह व्यवहार करते हुए दूसरे देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए और उसे अपने भीतर झांकना चाहिए।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा, 'हम बार बार कह रहे हैं कि उन्हें (पाक) अपने भीतर झांकना चाहिए। उन्हें पड़ोसी देश के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। पाकिस्तान को एक सामान्य पड़ोसी जैसा व्यवहार करना चाहिए।' पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि दूसरों पर अंगुली उठाने से पहले उन्हें अपने अंदर झांकना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में जो हो रहा है, वह आंतरिक मामला है। हमारा लोकतंत्र और अन्य संस्थाएं किसी भी स्थिति के लिए पूरी तरह से परिपूर्ण हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि उन्हें (पाक) अपने भीतर झांकना चाहिए।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा था कि इस्लामाबाद सारे वैश्विक मंचों पर नागरिकता संशोधन कानून का मुद्दा उठाएगा तथा यह कानून मोदी सरकार की 'हिंदुत्व' विचारधारा को बेनकाब करता है ।

इससे पहले पाकिस्तान की नेशनल एसेंबली द्वारा पारित प्रस्ताव को खारिज करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा था कि यह प्रस्ताव पाकिस्तान द्वारा अपने धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति किए जा रहे दुर्भावनापूर्ण व्यवहार व उत्पीड़न से ध्यान हटाने का एक निष्फल प्रयास है। भारत ने यह भी कहा कि पाकिस्तान झूठे आरोप लगाने की बजाय गंभीर रूप से आत्मनिरीक्षण करें।

बांग्लादेश के साथ कुछ द्विपक्षीय बैठकें स्थगित होने सहित हाल के घटनाक्रम के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'बांग्लादेश के साथ बैठकों को पुनर्निर्धारित करने के अधिक मायने नहीं निकाले जाने चाहिए।' उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच बैठकें रद्द होने के बारे में कुछ बयान सामने आए हैं लेकिन यह समझने की जरूरत है कि दोनों देशों के बीच संवाद के 75 वार्ता तंत्र हैं और इस संबंध में आपसी सहमति के आधार पर तिथि तय की जाती है।

अफगानिस्तान का जिक्र करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि वहां की वर्तमान सरकार ने अल्पसंख्यकों के हितों का अपने संविधान के अनुसार ख्याल रखा है। पूर्व की मुजाहिदीन और तालिबान प्रशासन के दौरान अल्पसंख्यकों के समस्या का सामना करना पड़ा था।

एच-1बी वीजाधारकों के अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान को सराहा

वाशिंगटन, 19 दिसंबर (भाषा)।

भारत ने अमेरिका के साथ बेहतर संबंधों और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में एच-1बी वीजा धारकों के योगदान की सराहना की है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को यहां भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने में लोगों के आवागमन का महत्त्वपूर्ण योगदान रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच उचित और भेदभाव रहित तरीके से लोगों की आवाजाही होने से संबंधों को मजबूती देने में मदद मिली है।

अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने कहा कि लोगों के बीच आपसी रिश्तों का दोनों देशों की दोस्ती में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर भी उपस्थित थे।

जयशंकर ने कहा, 'हमें अमेरिका में भारतीयों और भारतीय अमेरिकियों की उपलब्धियों, उनके अमेरिकी समाज, अर्थव्यवस्था और राजनीति में किए गए योगदान को लेकर गर्व होता है।' उन्होंने कहा, 'लोगों का उचित और बिना किसी पक्षपातपूर्ण तरीके से आवागमन करने सहित व्यापार और सेवाओं का रिश्तों को और मजबूत बनाने में अहम योगदान रहा है।'

जयशंकर ने कहा कि इन संबंधों को आगे बढ़ाने और बेहतर बनाए रखने के लिए भारत अमेरिका के साथ काम करने का इच्छुक है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने एक दूसरे के संबंधित पक्षों के बीच बेहतर समझ और जागरूकता बनाए रखने की दिशा में कदम उठाने पर सहमति जताई है।

उन्होंने इस अवसर पर चाबहार बंदरगाह परियोजना के लिए अमेरिका का समर्थन दिए जाने को लेकर पोम्पियो की सराहना भी की।

जामिया के छात्रों को गिरफ्तारी से संरक्षण नहीं

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (भाषा)।

दिल्ली हाई कोर्ट ने नागरिकता (संशोधन) कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के दौरान यहां जामिया मिल्लिया इस्लामिया में हिंसा की पड़ताल के लिए एक न्यायिक आयोग गठित करने की मांग वाली कई याचिकाओं पर केंद्र, दिल्ली सरकार और पुलिस को नोटिस जारी किया।

मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की पीठ ने दंडात्मक कार्रवाई से छात्रों को संरक्षण प्रदान करने समेत कोई अंतरिम निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया। मामले की अगली सुनवाई चार फरवरी को होगी। पीठ के कोई अंतरिम आदेश जारी नहीं करने और सुनवाई खत्म करने के बाद याचियों की ओर से पेश वकील 'शेम शेम' कहते नजर और अदालत में मौजूद दूसरे वकीलों ने भी उनका अनुसरण किया।

ये याचिकाएं जामिया के छात्रों, ओखला जहां पर विश्वविद्यालय स्थित है वहां के निवासियों, वकीलों और संसद भवन के सामने स्थित जामा मस्जिद के इमाम ने दायर की हैं। इन छह याचिकाओं में छात्रों को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान करने और मुआवजा देने और उपचार कराने की मांग की गई। याचिका में दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने सहित उपयुक्त कार्रवाई की भी मांग की गई है।

नए साल में रसोईघर का बजट और बिगाड़ेगी महंगाई

अजय पांडेय
नई दिल्ली, 19 दिसंबर।

प्याज की आसमान छूती कीमतों के मद्देनजर लोगों ने बगैर प्याज की सब्जी खाने की आदत भले डाल ली हो लेकिन इस कंजूसी से उनके घर का बजट नहीं संभलने वाला क्योंकि केवल प्याज ही नहीं, आम आदमी की रसोई में इस्तेमाल में लाई जानी वाली करीब दो दर्जन वस्तुओं की कीमतों में लगातार इजाफा हुआ है। दूसरी ओर प्याज, आलू, दाल, गन्ना आदि की पैदावार करने वाले राज्यों में बाढ़ व भारी बारिश के कारण फसल को हुए नुकसान के मद्देनजर रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों की कीमतों में नए साल में भी तेजी बने रहने के आसार हैं।

हाल ही में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने लोकसभा में कहा कि उत्पादन कम होने की वजह से प्याज की कीमतों में वृद्धि हुई है। उन्होंने यह दावा भी किया कि सरकार प्याज का निर्यात बंद करने और विभिन्न देशों से आयात करने जैसे कदम उठाने के अलावा विभिन्न राज्यों के साथ मिलकर इस समस्या के निपटने के लिये ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य की ओर से प्याज के उत्पादन को लेकर जो अनुमान दिया गया था, उससे कम पैदावार हुई है। ऐसे में कीमतों में बढ़ोतरी हुई। लेकिन सवाल केवल प्याज की कीमतों का ही नहीं हैं, आलू की कीमतें भी बढ़ी हैं, दूध की कीमतों में इजाफा हुआ है और अब चीनी की कीमतें भी बढ़ रही हैं और ऐसी आशंका जताई जा रही है कि नए साल तक चीनी की कीमतों में 10 से 20 फीसद तक की वृद्धि दर्ज की जा सकती है।

शीतकालीन सत्र के दौरान ही उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री रामविलास पासवान ने एक तारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में लोकसभा में 22 आवश्यक खाद्य पदार्थों की खुदरा कीमतों का विवरण लोकसभा में पेश किया। इसमें जनवरी से दिसंबर, 2019 तक के आंकड़े दिए गए। ये सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि महंगाई किस कदर पूरे साल आम आदमी की जेब पर असर करती रही। अरहर की जो दाल जनवरी, 2019 में 72.84 रुपए प्रति किलो बिकी थी, उसकी कीमत दिसंबर तक आते-आते 88.5 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई। इसी प्रकार उड़द दाल 71.83 रुपए प्रति किलो से 95.25 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई। इसी प्रकार चाहे सरसो, सूरजमुखी, सोया आदि तेलों की कीमतों से लेकर दूध, चीनी और चायपत्ती से लेकर नमक की कीमतों तक में इजाफा हुआ।

सूत्रों की मानें तो आने वाले दिनों में देश में चीनी की कीमतों में 10 से 20 फीसद तक की वृद्धि हो सकती है। पिछले साल पड़े सूखे, मानसून में देरी और महाराष्ट्र व कर्नाटक सरीखे गन्ना उत्पादक राज्यों में बाढ़ की विभीषिका से हुए नुकसान के कारण चीनी के उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है।

नागरिकता कानून पर प्रदर्शनों के बीच सोनिया ने की वरिष्ठ नेताओं संग बैठक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 दिसंबर।

संशोधित नागरिकता कानून को लेकर गुरुवार को दिल्ली सहित देश भर में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ आवास पर बैठक कर राष्ट्रीय राजधानी सहित देश के विभिन्न हिस्सों में स्थिति पर चर्चा की गई। विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर प्रशासन द्वारा दिल्ली में इंटरनेट सेवाएं बाधित किए जाने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी ने भी केंद्र की राजग सरकार की तीखी आलोचना की।

नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शनों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास पर हुई बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता एके एंटनी, गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा आदि मौजूद थे। इस मामले में कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर कहा कि आप ताकत के दम पर जनता की आवाज नहीं दबा सकते।

भाजपा विधायकों ने नागरिकता कानून को लेकर संदेह दूर करने को कहा

गुवाहाटी, 19 दिसंबर (भाषा)।

भाजपा विधायकों के एक समूह ने गुरुवार को असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल से मुलाकात की और उनसे संशोधित नागरिकता अधिनियम के संबंध में लोगों के बीच भय और संदेहों को दूर करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

भाजपा विधायक पद्मा हजारिका ने मुख्यमंत्री के आवास पर बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि भाजपा के लगभग 14 विधायकों ने सोनोवाल को बताया कि वह संशोधित नागरिकता कानून की वजह से लोगों के गुस्से का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून के कारण भाजपा और उनके नेताओं में अविश्वास है और इसे जल्द से जल्द दूर किया जाना चाहिए।

हजारिका ने कहा कि कुछ विधायकों द्वारा दिए गए बयानों के कारण भाजपा विधायकों के खिलाफ गुस्सा बढ़ गया है, हालांकि उन्होंने उनका नाम लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'हमने मुख्यमंत्री से भाषा, संस्कृति और लोगों की सुरक्षा के बारे में मजबूत कदम उठाने और इन मामलों में संवैधानिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया।'

राज्यों से नए कार्ड बनाने को कहा केंद्र ने | **एक देश एक कार्ड** | छह राज्यों में प्रायोगिक परीक्षण के तौर पर अमल

राशन कार्ड का एक मानक प्रारूप तैयार

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (भाषा)।

केंद्र सरकार ने 'एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड' के अभियान को आगे बढ़ाते हुए राशन कार्ड का एक मानक प्रारूप तैयार किया है। राज्यों से कहा गया है कि नया राशन कार्ड जारी करते हुए वे इसी प्रारूप को अपनाएं। पूरे देश में एक जैसे राशन कार्ड जारी करने की पहल के तहत वर्तमान में छह राज्यों में परीक्षण योजना के तौर पर इस पर अमल किया जा रहा है। केंद्र सरकार इस योजना को एक जून, 2020 से पूरे देश में लागू करना चाहती है।

'एक देश, एक राशन कार्ड' योजना के पूरे देश में लागू होने के बाद कोई भी कार्डधारक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के तहत किसी भी राज्य की राशन की दुकान से अपना राशन ले सकेगा। खाद्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'राष्ट्रीय स्तर पर राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी लक्ष्य को हासिल करने के लिए यह जरूरी है कि विभिन्न राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जो भी राशन कार्ड जारी करें वे सभी एक मानक प्रारूप में हों। इसीलिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत राशन जारी करने के लिए मानक प्रारूप जारी किया गया है।' अधिकारी ने कहा कि विभिन्न राज्यों में जो भी राशन कार्ड जारी किए जा रहे थे उन सभी के तौर तरीकों को प्रारूप को मद्देनजर रखते हुए पूरे देश के लिए एक मानक प्रारूप तैयार किया गया है।

अधिकारी ने कहा कि राज्यों से कहा गया है कि वह जब भी नया राशन कार्ड जारी करें इसे नए प्रारूप के अनुरूप ही जारी करें। इस बारे में कुछ और बताते हुए अधिकारी ने कहा कि मानक राशन कार्ड में राशन कार्डधारक का जरूरी ब्योरा शामिल किया गया है और राज्य चाहें तो इसमें अपनी जरूरत के मुताबिक कुछ और जोड़ सकते हैं।

उन्होंने बताया कि राज्यों से कहा गया है कि वह मानक राशन कार्ड दो भाषाओं में जारी करें। एक स्थानीय भाषा के साथ ही इसमें दूसरी भाषा हिन्दी अथवा अंग्रेजी का इस्तेमाल करें। इससे राष्ट्रीय स्तर पर राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी को अमल में लाने में मदद मिलेगी। राज्यों से कहा गया है कि वह दस अंकों वाला राशन कार्ड जारी करें जिसमें पहले दो अंक राज्य कोड होगा और अगले अंक राशन कार्ड संख्या के अनुरूप होंगे। इसमें अगले दो अंक राशन कार्ड में परिवार के प्रत्येक सदस्य की पहचान के तौर पर शामिल होंगे।

मानक कार्ड दो भाषाओं में

राज्यों से कहा गया है कि वह मानक राशन कार्ड दो भाषाओं में जारी करें। एक स्थानीय भाषा के साथ ही इसमें दूसरी भाषा हिन्दी अथवा अंग्रेजी का इस्तेमाल करें। इससे राष्ट्रीय स्तर पर राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी को अमल में लाने में मदद मिलेगी। राज्यों से कहा गया है कि वह दस अंकों वाला राशन कार्ड जारी करें जिसमें पहले दो अंक राज्य कोड होगा और अगले अंक राशन कार्ड संख्या के अनुरूप होंगे। इसमें अगले दो अंक राशन कार्ड में परिवार के प्रत्येक सदस्य की पहचान के तौर पर शामिल होंगे।

लगातार तीसरे दिन सूचकांक ने बनाया रेकार्ड

मुंबई, 19 दिसंबर (भाषा)।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) का पूंजी प्रवाह जारी रहने के साथ-साथ ईंधन, सूचना प्रौद्योगिकी और वाहन कंपनियों के शेयरों में चमक से शेयर बाजार में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन प्रमुख सूचकांकों ने ऊंचाई के नए रेकॉर्ड बनाए।

बीएसई का प्रमुख 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 115.35 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 41,673.92 अंक के अब तक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 41,719.29 अंक तक चला गया था जो इससे अब तक की उच्चतम चढ़ाई है। एनएसई का निफ्टी भी 38.05 अंक यानी 0.31 फीसद की तेजी के साथ रेकार्ड 12,259.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में येस बैंक 6.74 फीसद उछाल पर रहा। टीसीएस, टाटा मोटर्स, भारती एअरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी लाभ में रहे। वेदांता, एचडीएफसी, सन फार्मा और इंडसइंड बैंक में 2.26 फीसद तक की गिरावट आई।

कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव द्वारा अभियोग शुरू करने की खबरों से शुरू में निवेशक सतर्कता बरत रहे थे। बाद में यह देख कर कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) की लिवाली का सिलसिला बना हुआ है, बाजार में चुनिंदा निवेश से तेजी का क्रम जारी रहा।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (विनोद नायर) ने कहा कि आर्थिक सुधारों के जारी रखे जाने के विश्वास के चलते विदेशी निवेशकों की लगातार लिवाली बनी हुई है। इससे शेयर बाजार नित नई ऊंचाइयां छू रहा है। आम बजट के बाजार के लिए महत्त्वपूर्ण रहने की संभावना है। बजट में निवेश आकर्षित करने के लिए नई नीतियों की घोषणा की जा सकती है। लेकिन निवेशक यह भी सोच कर चल रहे हैं कि कर संग्रह में धीमी वृद्धि को देखते हुए राजकोषीय घाटा बजट लक्ष्य से ज्यादा हो सकता है।'

बीएसई के समूहों में दूरसंचार, ईंधन, वाहन, प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और एफएमसीजी में 1.98 फीसद तक की तेजी रही। हालांकि वित्त, पूंजीगत वस्तुओं, रियल्टी, यूटिलिटीज और बैंकिंग समूहों में 0.31 फीसद तक की गिरावट रही। बीएसई का मिडकैप और स्मॉलकैप 0.17 फीसद तक की तेजी में रहा।अस्थायी आंकड़ों के अनुसार बुधवार को एफपीआइ ने घरेलू शेयर बाजारों से 1,836.81 करोड़ रुपए के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 1,267.57 करोड़ रुपए की शुद्ध बिकवाली की। एशियाई बाजारों में मिश्रित रुख रहा। यूरोपीय बाजार शुरुआती कारोबार में गिरावट में चल रहे थे। इस बीच रुपया दिन में 17 पैसे गिरकर 71.15 रुपये प्रति डॉलर पर चल रहा था।

पेट्रोलियम ईंधन पर निर्भरता कम करेंगे इलेक्ट्रिक वाहनः गडकरी

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (भाषा)।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन अवागमन का भविष्य हैं और जीवाश्म ईंधनों पर भारत की निर्भरता कम करने में इनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी।

सार्वजनिक सूचना
फार्म नं. आईएनसी-26
[कम्पनी (गठन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में] कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में परिवर्तित करने हेतु समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन
नैना कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
CIN: U72900DL2006PTC153330
रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : एल-125, जीएफ आर/5, महीपालपुर विलेज रंगपुरी रोड, नई दिल्ली, साउथ वेस्ट दिल्ली-110037, इंडिया
ई मेल : mgmt@iiservz.com
केंद्रीय सरकार क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (अ) के मामले में
और
नैना कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : एल-125, जीएफ आर/5, महीपालपुर विलेज रंगपुरी रोड, नई दिल्ली, साउथ वेस्ट दिल्ली-110037, इंडिया में स्थित है के मामले में
.....आवेदक कर्ता
आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार उत्तरी क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का **रजिस्ट्रीकृत कार्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से उत्तर प्रदेश राज्य** में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 13 सितम्बर, 2019 को ~~वार्षिक आम बैठक~~/आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के संगम ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।
कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो **निवेशक शिकायत प्रपत्र फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल** (www.mca.gov.in) **में शिकायत दर्ज कर सकता है** या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक (उत्तरी क्षेत्र) को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर बी-2 विंग, द्वितीय तल, पं दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते हैं और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके निम्नलिखित रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजेगा:
एल-125, जीएफ आर/5, महीपालपुर विलेज रंगपुरी रोड, नई दिल्ली, साउथ वेस्ट दिल्ली-110037, इंडिया
आवेदक के लिए तथा उसकी ओर से
नैना कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/-
तिथि : 20.12.2019 सत्यजीत पाढ़े
स्थान : नई दिल्ली डीआइएन : (02358698)
निदेशक
सी-179 एनआरआई सिटी ओमेगा-2 ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर 201307 यूपी इन

सार्वजनिक सूचना
फार्म नं. आईएनसी-26
[कम्पनी (गठन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में] कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में परिवर्तित करने हेतु समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन
इंटीग्रेटेड इंफोर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
CIN: U72300DL2009PTC194388
रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : एल-125ए, गली नं-5, ओल्ड रंगपुरी रोड, महीपालपुर एक्सटेंशन, नई दिल्ली -110037, इंडिया
ई मेल : accounts@iiservz.com
केंद्रीय सरकार क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (अ) के मामले में
और
इंटीग्रेटेड इंफोर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : एल-125ए, गली नं-5, ओल्ड रंगपुरी रोड, महीपालपुर एक्सटेंशन, नई दिल्ली -110037, इंडिया में स्थित है के मामले में
.....याचिकाकर्ता
आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार उत्तरी क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का **रजिस्ट्रीकृत कार्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से उत्तर प्रदेश राज्य** में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 13 सितम्बर, 2019 को ~~वार्षिक आम बैठक~~/आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के संगम ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।
कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो **निवेशक शिकायत प्रपत्र फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल** (www.mca.gov.in) **में शिकायत दर्ज कर सकता है** या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक (उत्तरी क्षेत्र) को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर बी-2 विंग, द्वितीय तल, पं दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते हैं और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके निम्नलिखित रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजेगा:
एल-125ए, गली नं-5, ओल्ड रंगपुरी रोड, महीपालपुर एक्सटेंशन, नई दिल्ली -110037, इंडिया
आवेदक के लिए तथा उसकी ओर से
इंटीग्रेटेड इंफोर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/-
तिथि : 20.12.2019 सत्यजीत पाढ़े
स्थान : नई दिल्ली डीआइएन : (02358698)
निदेशक
सी-179 एनआरआई सिटी ओमेगा-2 ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर 201307 उत्तर प्रदेश इंडिया

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व का कैपिटल फर्स्ट होम फाइनेंस लिमिटेड)
सीआईएन : L65110TN2014PLC097792
IDFC FIRST Bank
पंजीकृत कार्यालय : केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेत, चेन्नई-600031. दूरभाष : +91 44 4564 4000 । **फैक्स** : +91 44 4564 4022.
अधिकृत प्राधिकारी - श्री रोहित दुदेजा । सम्पर्क नम्बर : 7838324723

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) के प्रावधान देखें]
अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय सूचना

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना।
एतद्वारा सामान्य रूप से जनता को तथा विशेष रूप से ऋणकर्ता(ओं) एवं जमानती(यों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवीकृत/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिस पर पूर्व की कैपिटल फर्स्ट होम फाइनेंस लिमिटेड अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के अधिकृत प्राधिकारी ने भौतिक कब्जा किया है, सुशील कुमार केजरीवाल, सुप्रा एन्टरप्राइजेज, पुष्पा देवी केजरीवाल, उमंग केजरीवाल से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व का कैपिटल फर्स्ट होम फाइनेंस लिमिटेड) का 10 मई, 2019 तक के बकाये की राशि रु. 50237447/- की वसूली के लिए 07.01.2020 को ''जो है यहीं है'' तथा ''जो कुछ भी है वहीं है'' के आधार पर बिक्री की जायेगी।
आरक्षित मूल्य रु. 4,66,00,000/- तथा जमा धरोहर राशि रु. 46,60,000/- होगी।

अचल सम्पत्ति का विवरण
भूतल, प्लॉट सं. 4, बीपी-4, मथुरा रोड, जंगपुरा-ए, नई दिल्ली के सामने का भाग।
विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट में प्रावधानित लिंक www.idfcfirstbank.com देखें।
अस्वीकरण : कृपया ध्यान दें कि कथित सूचना केवल अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए निर्गत की गयी है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को अचल सम्पत्ति पर उपस्थित किसी चल आस्तियों, यदि कोई हो, की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है।
ह./
अधिकृत प्राधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
दिनांक: 18.12.2019 (पूर्व का कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)

नौ बड़े राज्यों की राजस्व क्षतिपूर्ति दोगुनी होकर 70,000 करोड़ तक पहुंच सकती है : इक्रा

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (भाषा)।

जीएसटी के तहत चालू वित्त वर्ष के दौरान गुजरात, महाराष्ट्र और केरल सहित नौ प्रमुख राज्यों को राजस्व क्षतिपूर्ति का भुगतान 60,000 से 70,000 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है जो एक साल पहले की तुलना में दुगुना होगा। इक्रा की रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भुगतान में विलंब से इन राज्यों के नकदी प्रवाह पर असर पड़ सकता है। इन नौ राज्यों में कर्नाटक, केरल, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल भी शामिल हैं।

इक्रा की इस रिपोर्ट में इस बात को लेकर भी आशंका जताई गई है कि 2019–20 में इन राज्यों को केंद्रीय करों में हिस्सा 59,500 करोड़ रुपए से लेकर 77,000 करोड़ रुपए रह सकता है। यह राशि भारत सरकार द्वारा बजट में लगाए गए अनुमान से कम है। यह भी राज्यों के लिए राजस्व के मामले में जोखिम खड़ा हो सकता है। इस लिहाज से चालू वित्त वर्ष के दौरान पूंजी खर्च वर्ष के बजट में रखे गए अनुमान से कम रह सकता है। कमजोर आर्थिक वृद्धि और जीएसटी दरों में कटौती के कारण चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर 2019 की अवधि में जीएसटी संग्रह में 3.7 प्रतिशत की अपेक्षाकृत कम वृद्धि रही है।

इक्रा का मानना है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान राज्य जीएसटी संग्रह काफी कम रह सकता है।

ग्रामीण विकास जरूरी : तोमर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 दिसंबर।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को कहा कि अगर देश के गांवों को नजरअंदाज किया गया तो पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का सपना पूरा नहीं हो पाएगा। देश में ग्रामीण विकास योजनाओं में अभूतपूर्व योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में तोमर ने कहा कि प्रत्येक गांव में शहरों की तरह ही मूलभूत सुविधाओं के साथ आधुनिक प्रौद्योगिकी उपलब्ध होनी चाहिए।

हम दूरसंचार उद्योग को इस तरीके से खत्म कर रहे हैं जो हितकारी नहीं : मित्तल

नई दिल्ली, 19 दिसंबर (भाषा)।

दूरसंचार उद्योग के दिग्गज सुनील मित्तल ने कहा है कि भारतीय दूरसंचार सेवा उद्योग शुल्क की दरें अत्यधिक नीचे गिरने और सेवा–उपभोग ऊंचा होने की मिले–जुले असर से खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) को तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और निवेशकों तथा उपभोक्ताओं के हित में संतुलन बिठाना चाहिए। मित्तल ने गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ कंपनी जगत के लोगों की बजट पूर्व परामर्श–बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, 'मेरा मानना है कि निवेश और उपभोक्ता की जरूरत के बीच संतुलन बैठाया जाना चाहिए।'

सिंडिकेटबैंक SyndicateBank
एस-12, ग्रीन पार्क एक्स्टें., शाखा, नई दिल्ली-110016
टेली.: 011-26564471, 26963168, फैक्स:011-26568582
RTGS/IFSC: Synb0009048 ईमेल: Br.9048@syndicatebank.co.in

संदर्भ सं. 9048/ जीपीई/आरईसी/सरकैइस/बिकाश/एचएल/2019 रेफ. नं.: 04.12.2019
ऋणधारकों:
1. **श्री बिकास कुमार सिंह देव** (पूर्व में बिकास कुमार साहू के नाम से विदित) ई-91, भू तल, ई-ब्लॉक, साकेत, दक्षिण दिल्ली-110017
2. **श्री बिकास कुमार सिंह देव** (पूर्व में बिकास कुमार साहू के नाम से विदित) एफ-1ए, साकेत, दक्षिण दिल्ली-110017
3. **श्री बिकास कुमार सिंह देव** (पूर्व में बिकास कुमार साहू के नाम से विदित) मै. अदिवा हॉस्पीटल्स प्राईवेट लिमिटेड सी-1/सी ग्रीन पार्क एक्स्टेंशन, ख.नं. 68, ग्राम युसुफ सराय की राजस्व सम्पदा, नई दिल्ली-110016
4. **श्रीमती निखिला जोसफ** ई-91, भू तल, ई-ब्लॉक, साकेत, दक्षिण दिल्ली-110017
5. **श्रीमती निखिला जोसफ** एफ-1ए, साकेत, दक्षिण दिल्ली-110017
6. **श्रीमती निखिला जोसफ** मै. अदिवा हॉस्पीटल प्राईवेट लिमिटेड सी-1/सी ग्रीन पार्क एक्स्टेंशन, ख.नं. 68, ग्राम युसुफ सराय की राजस्व सम्पदा, नई दिल्ली-110016

प्रिय महोदय/महोदया
वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना
1. हमने आपके अनुरोध पर रु. 30,60,0000/- की कुल राशि के लिये ऋणधारक/ कों को विविध साख सीमायें स्वीकृत की है तथा हम यहां स्वीकृत विविध सुविधाओं का सम्पूर्ण विवरण दे रहे हैं:

क्रम सं.	सुविधा का प्रकार खाता नम्बर	लिमिट	विशिष्ट बकाया	एनपीए की तिथि
1.	सिंड निवास 90489730000049	रु. 3,06,00000.00/-	रु. 3,09,08,079.40	30.11.2019
	कुल	रु. 3,06,00000.00/-	रु. 3,09,08,079.40	

2. चूंकि आपने देयताओं के पुनर्भुगतान में चूक की है, हमने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों अथवा दिशानिर्देशों के अनुसार उक्त तिथि को आपकी खाताओं को गैर-प्रचालन परिसम्पत्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया है।
3. ऋण दस्तावेजों के स्वीकृत शर्तों के विरुद्ध भुगतान में लगातार चूक को देखते हुए सम्पूर्ण राशि देय हो गया है। अतः 01.12.2019 से ब्याज तथा लागत के साथ रु. 30908079.40 (रुपए तीन करोड़ नौ लाख आठ हजार उन्यासी एवं पैसे चालिस मात्र) की राशि बकाया है।
4. हम आपको यह भी सूचित करते हैं कि हमें देय सम्पूर्ण बकाया राशि के लिये पुनर्भुगतान के लिये हमारी बार-बार की सूचनाओं तथा मौखिक अनुरोधों के बावजूद आपने अभी तक उसका भुगतान नहीं किया है।
5. आप जानते हैं कि हमारे द्वारा स्वीकृत विभिन्न सीमाऐं अधोलिखित परिसम्पत्तियों (प्रतिभूत परिसम्पत्तियों) द्वारा प्रतिभूत हैः
i) श्री बिकास कुमार सिंहदेव (पूर्व में श्री बिकास कुमार साहू विदित) तथा श्रीमती निखिला जोसफ के स्वामित्व में ले आउट 10017 में स्थित आवासीय भूखंड नं. 91, ब्लॉक ई में, माप 200 वर्ग याईस तथा चौहद्दीः उत्तरः प्लॉट नं. 92, दक्षिणः प्लॉट नं. 90, पूर्वः रोड 30, पश्चिमः सर्विस लेन 15
6. ऊपर वर्णित कारणों से हम आपको निर्देश देते है कि इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर हमारे प्रति अपनी सम्पूर्ण देयताओं को निष्पादित करें अन्यथा हम ऊपर वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करेंगे। अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत हमें उपलब्ध शक्तियों में अन्य बातों के साथ शामिल हैः क) प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की उगाही के लिये पट्टा, एसाइन्मेन्ट अथवा बिक्री द्वारा अंतरण के अधिकार सहित ऋणधारक की प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को कब्जे में लेना, ख) प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की उगाही के लिये पट्टा, एसाइन्मेन्ट अथवा बिक्री द्वारा अंतरण के अधिकार सहित व्यवसाय के प्रबंधन का अधिग्रहण तथा हमारे द्वारा प्रतिभूत परिसम्पत्ति का किसी प्रकार के स्थानांतरण से अंतरिती को प्रतिभूत परिसम्पत्ति के संदर्भ में सभी अधिकार उसी तरह से प्राप्त होगा मानो यह अंतरण आप ने ही किया हो।
7. उपरोक्त शक्तियों के प्रयोग से वसूल की गई राशि का सर्वप्रथम उन सभी लागतों, चार्जेज तथा खर्चे के भुगतान में किया जायेगा जो हमारे विचार में हमारे द्वारा उपयुक्त रूप में वहन किये गये हैं अथवा उससे संबंधित अन्य कोई अनुषांगित खर्चे में वहन किये गये हैं तथा द्वितीयतः उसका प्रयोग भुगतान की तिथि से वास्तविक वसूली की तिथि तक अनुबंधित ब्याज के साथ उपरोक्त हमारी बकायों के निष्पादन में किया जायेगा तथा शेष धन, यदि कोई हो, का भुगतान आपको किया जायेगा।
8. कृपया ध्यान रहे कि इस सूचना की प्राप्ति के बाद बैंक (प्रतिभूत क्रेडीटर) की लिखित पूर्व अनुमति के बिना आप इस सूचना में वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का बिक्री, पट्टा अथवा अन्य किसी रूप से अंतरण नहीं करेंगे। यदि ऐसा किया जाता है तो वह अधिनियम की धारा 29 के अंतर्गत एक दंडनीय अपराध होगा।
9. आपका ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिये उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।
10. कृपया ध्यान रहे कि यह सम्पूर्ण बकाया राशि अथवा उगाही की तिथि तक देय ब्याज तथा लागतों के साथ उसके किसी भाग की वसूली के लिये डीआरटी/सक्षम न्यायालय के समक्ष आप सभी के विरुद्ध जाने के लिये बैंक के अधिकारों के प्रति पूर्वाग्रह रहित है।
तिथि: 4.12.2019 (प्राधिकृत अधिकारी)
स्थान: ग्रीन पार्क, नई दिल्ली सिंडिकेट बैंक

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
India's International Bank
राज नगर शाखा (डीबीजीएजेडआई), गाजियाबाद
नियम-8 (1) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के **अन्तर्गत कब्जा सूचना**
जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 (2002 का 54) अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **बैंक ऑफ़ बड़ौदा, राज नगर (डीबीजीएजेडआई), गाजियाबाद** का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत ऋण धारक **श्रीमती रश्मि चौहान और गारंटर श्री राजू सिंह और श्री रंजीत सिंह को मांग सूचना दिनांक 04.07.2019 को जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि रू 12,26,393.00/- (रु. बारह लाख छब्बीस हजार तीन सौ तिरान्वे मात्र) दिनांक 04.07.2019 तक और दिनांक 06.07.2019 से ब्याज और आकस्मिक प्रभार** इत्यादि सहित, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।
ऋणधारक राशि का प्रतिभुगतान करने में असफल हो गये हैं, इसलिए एतद्द्वारा ऋणधारक तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत **13.12.2019** को लिया है।
विशेष रूप से ऋण धारक/गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्तियों के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन **बैंक ऑफ़ बड़ौदा, राज नगर (डीबीजीएजेडआई), गाजियाबाद के प्रभार वास्ते रू 12,26,393.00/- (रु. बारह लाख छब्बीस हजार तीन सौ तिरान्वे मात्र) दिनांक 04.07.2019 तक और दिनांक 06.07.2019 से ब्याज और आकस्मिक प्रभार** इत्यादि सहित के अधीन होगा।
उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।
अचल संपत्ति का विवरण
साम्यिक बंधक सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि ईडब्ल्यूएस फ्लैट नं. 103सी, तृतीय तल, न्याय खंड-।।।, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद, यू.पी.-201014 में स्थित, क्षेत्रफल 19.51 वर्ग मी. चौहद्दी : परिचम में – फ्लैट नं. 104सी, पश्चिम में – फ्लैट नं. 106सी, दक्षिण में – ब्लॉक, उत्तर में – फ्लैट नं. 102सी
दिनांक : 13.12.2019, स्थान : गाजियाबाद प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

Bank of Baroda (A Govt. Of India Undertaking) **बैंक ऑफ़ बड़ौदा** (भारत सरकार का उपक्रम) **ई-नीलामी सूचना**
जेडओएसएआरबी, 13वाँ तल, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भवन, 16, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
फोन : 011-23441330, मो.- 9584317482, ई-मेल : armdel@bankofbaroda.com
अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस
आम लोगों को और विशेष रूप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूति – दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का **भौतिक कब्जा**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे निम्नवर्णित कर्जदारों/गारंटर्स की प्रत्याभूत – दाता बैंक ऑफ़ बड़ौदा से – प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक 07.01.2020 को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि नीचे वर्णित रूप में होगी।

कर्जदार / गारंटर का नाम	सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (रु.) / धरोहर राशि / प्रस्ताव में सुधार हेतु राशि	ई-नीलामी की तारीख एवं समय	बकाया राशि / धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना की तारीख	प्राधिकृत अधिकारी और सम्पर्क नं.
श्रीमती नासिरा बेगम पत्नी मोह. कामिल, मोहम्मद कामिल पुत्र श्री ग्यासुद्दीन और श्री मोह. मोहसिन पुत्र मोह. कामिल (सभी कर्जदार)	फ्री होल्ड रिहायशी सम्पत्ति प्लॉट नं. 12, ब्लॉक 205ए, जिसे अब 98 कहते हैं, बाबर रोड, बंगाली प्लेस, नई दिल्ली में स्थित, यह सम्पत्ति श्रीमती नसरा बेगम के नाम पर है। (जिसे नसीरा बेगम भी कहते हैं) क्षेत्रफल 972.84 वर्ग गज	₹ 54.50 करोड़ / ₹ 5.45 करोड़ / ₹ 5.00 लाख	07-01-2020 को अपराह्न 01.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक	12-03-2019 / रु. 46.76 करोड़ दिनांक 01-03-2019 से प्लस ब्याज एवं प्रभार इत्यादि	श्री यश पाल चावला मो. 9584317482 / खाता नं. और IFSC कोड 00950200000743 BARB0CONNAU (5TH Character is to be read as 'zero')
	धरोहर राशि व दस्तावेज जमा करने की अंतिम तारीख : 06-01-2020 / सम्पत्ति का निरीक्षण करने की तिथि व समय 03-01-2020 को पूर्वा 11.00 बजे अपराह्न 04.00 बजे तक				
श्रीमती नासिरा बेगम पत्नी मोह. कामिल, मोहम्मद कामिल पुत्र श्री ग्यासुद्दीन और श्री मोह. मोहसिन पुत्र मोह. कामिल (सभी कर्जदार)	फ्री होल्ड रिहायशी प्लॉट नं. 136-136ए, ब्लॉक 205-सी, जिसे अब 9 कहते हैं, बाबर रोड, बंगाली प्लेस, नई दिल्ली में स्थित, यह सम्पत्ति श्रीमती नासीरा बेगम, मोह. मोहसिन और मोह. कामिल के नाम पर है। भूमि क्षेत्रफल 575 वर्ग गज	₹ 28.10 करोड़ / ₹ 2.81 करोड़ / ₹ 5.00 लाख	07-01-2020 को अपराह्न 01.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक	12-03-2019 / रु. 28.39 करोड़ दिनांक 01-03-2019 से प्लस ब्याज एवं प्रभार इत्यादि	श्री यश पाल चावला मो. 9584317482 / खाता नं. और IFSC कोड 00950200000743 BARB0CONNAU (5TH Character is to be read as 'zero')
	धरोहर राशि व दस्तावेज जमा करने की अंतिम तारीख : 06-01-2020 / सम्पत्ति का निरीक्षण करने की तिथि व समय 03-01-2020 को पूर्वा 11.00 बजे अपराह्न 04.00 बजे तक				

धरोहर राशि व दस्तावेज जमा करने की अंतिम तारीख प्रत्येक सम्पत्ति के समक्ष अंकितानुसार नोटः आरक्षित मूल्य से कम या उसके बराबर की बोली स्वीकार्य नहीं होगी।
बिक्री नीचे वर्णित नियमों और शर्तों के अधीन होगी
1. ई-नीलामी का प्रस्ताव भौतिक कब्जा के आधार पर "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" प्रस्तावित किया जा रहा है। यह बोली लगाने वाले की जिम्मेदारी होगी कि वह परिसंपत्तियों और विशिष्टताओं के बारे में स्वंय निरीक्षण करे और स्वंय को संतुष्ट करें। यह ई-नीलामी विज्ञापन किसी भी प्रकार की प्रतिबद्धता नहीं करता है और इसे किसी भी प्रकार की प्रतिबद्धता या बैंक के किसी भी प्रतिनिधित्व की प्रतिबद्धता नहीं माना जाऐ।
2. नीलामी – सह बिक्री का आयोजन https://bob.auctiontiger.net के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ई-नीलामी पद्धति द्वारा होगी।
3. यहां ऊपर अनुसूची में प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के पर्याप्त विवरणों को शामिल करने का प्रयास किया गया है। इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, कमी अथवा गलत विवरणों के लिए प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होंगे।
4. इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि अपनी बोली जमा करने तथा ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने से पूर्व ई-नीलामी के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए पोर्टल https://bob.auctiontiger.net देखें तथा उपरोक्त वर्णित संबंधित सम्पत्तियों के लिए संबंधित प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें।
5. प्रतिभूत परिसम्पत्ति की बिक्री आरक्षित मूल्य से नीचे या उसके बराबर की राशि में नहीं की जाएगी। नीलामी आरक्षित मूल्य से ऊपर एक इन्क्रीमेंट पर शुरू होगी तथा बोलीदाता यहां ऊपर वर्णित न्यूनतम बोली राशि से अपने प्रस्ताव में सुधार कर आपस में बोली करने के लिए स्वतंत्र होंगे।
6. धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान की अंतिम तारीख (दिनांक 06.01.2020) को अपरा. 05.00 बजे तक विनिर्दिष्ट खाता जिसका विवरण अधोलिखित है, प्रत्येक सम्पत्ति के समक्ष अंकितानुसार एनईएफटी/आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट द्वारा (दिल्ली में देय होगा) उपर वर्णित तालिका के अनुसार, where 5th character of IFSC Code is '0' (Zero).
7. ईएमडी जमा किए होने वाले इच्छुक बोलीदाता पोर्टल में उपलब्ध कॉलम/फिल्ड्स के अनुसार आधिकारिक पोर्टल https://bob.auctiontiger.net पर प्रत्येक सम्पत्ति के समक्ष अंकितानुसार निम्न दस्तावेजों दिनांक 06.01.2020 को या उससे पहले अपलोड करें:
क) ईएमडी जमा करने का प्रमाण
ख) पूर्ण रूप से भरें प्रस्ताव फार्म
ग) इच्छुक बोलीदाता के फोटोग्राफ तथा आवासीय पते तथा पैन कार्ड से शामिल पहचान का प्रमाण की स्वः प्रमाणित प्रति। इन दस्तावेजों का ऑरिजिनल संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।
घ) बोली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए लागिन आईडी तथा पासवर्ड जारी करने के लिए अनुरोध
8. इच्छुक बोलीदाता पोर्टल https://bob.auctiontiger.net पर लॉगईन आईडी तथा पासवर्ड बना सकते हैं। यदि लॉगईन आईडी, पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ईबोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि के लिए इच्छुक बोलीदाता को सहयोग की आवश्यकता हो तो वे मैसर्स ई-प्रक्योरमेन्ट टेक्नोलॉजीस लि., बी-704-5, वॉल स्ट्रीट-2, ओरिएंट क्लब के विपरीत, गुजरात कॉलेज रोड, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद, श्री राम शर्मा – 06351896834 ईमेल - delhi@auctiontiger.net, ramprasad@auctiontiger.net श्री निशिश झा, 7982880393, हैल्प लाईन : 079-61200595/520/548. हेल्प लाइन ईमेल support@auctiontiger.net से सम्पर्क करें। ऑनलाइन अपलोडिंग के लिए वैबपोर्टल https://bob.auctiontiger.net तथा सम्पत्ति से सम्बंधित किसी भी पूछताछ के लिए आप उपर वर्णित सम्पत्ति के प्राधिकृत अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस को कार्यावधि के दौरान सम्पर्क कर सकते हैं।
9. केवल ऐसे बोलीदाताओं को ही ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी जिनके पास वैध यूजर आईडी तथा पासवर्ड एवं एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा ईएमडी के भुगतान का निश्चित प्रमाण होगा।
